P372

इंदौर, गुरुवार 04 दिसंबर 2025
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 33
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650


राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

कलेक्टर ने जारी किये आदेश-शोर पर लगेगी लगाम

पेज-2

ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट आज से

पेज-5

प्रतिबंध के बाद भी मिलती है चाइना डोर

पेज-6

# भोजन डिप्लोमेसी के जरिए हेमंत खत्म करेंगे नेताओं की आपसी दूरी

### मंत्री, सांसद, विधायक व जिलाध्यक्ष को हर महीने एक साथ करना होगा भोजन

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • पांच महीने पहले भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बने हेमंत खंडेलवाल संगठन में एकता को मजबूत करने और गुटबाजी खत्म करने के लिए नए-नए प्रयोग कर रहे हैं। सागर में लंबे समय से चल रही मंत्री गोविंद राजपूत और पूर्व मंत्री, विधायक भूपेन्द्र सिंह के बीच मतभेद दूर करने के बाद उन्होंने नेताओं में समन्वय के लिए फार्मूला निकाला है।

भाजपा में अब सभी जिलों में सांसद, विधायक और जिलाध्यक्षों को महीने में एक दिन एक ही जाजम पर साथ में भोजन करना होगा। भोजन का स्थान भी कोई रेस्टोरेंट या अन्य कोई जगह नहीं बल्कि इनमें से किसी एक नेता का ही के बाद से ही हेमंत खंडेलवाल ने पूरे प्रदेश के दौरे किए और उसके बाद अपनी टीम का ऐलान भी कर दिया। उनकी इस टीम में पूरी तरह समन्वय देखने को मिला और पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं को मौका



घर होगा। हेमंत की इस पहल का पार्टी का खांटी कार्यकर्ता स्वागत कर रहा है। प्रदेश अध्यक्ष बनने मिला। सूत्रों की मानें तो प्रदेश के दौरों के दौरान उन्हें जानकारी मिली कि ऊपर स्तर पर तो सब ठीक चल रहा है पर जिलों में पार्टी के नेताओं में वैसा समन्वय नहीं है जैसा होना चाहिए। हेमंत खंडेलवाल ने इसके लिए प्रयास तेज कर दिए हैं। उन्होंने अपने दौरे में दोनों को बराबर का महत्व दिना और अपने साथ वाहन में बैठाकर समालाइश दी और साथ में भोजन करवाया। सूत्रों की मानें तो इसके बाद हेमंत खंडेलवाल ने सभी सांसद, विधायक और जिलाध्यक्षों से कहा है कि वे हर महीने किसी न किसी के घर में एकत्रित हों और एक साथ बैठकर भोजन करें। इसी महीने वरिष्ठ नेताओं को लिया जाएगा प्रदेश कार्यकारिणी में अध्यक्ष बनने के तीन महीने के भीतर ही अपनी नई टीम का ऐलान करने वाले हेमंत खंडेलवाल अब जल्द ही प्रदेश कार्यसमिति समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं को संगठन में समाहित करेंगे।

### सागर और छतरपुर में कराया नेताओं का मेल-मिलाप

अपने सागर दौरे के दौरान उन्होंने इसे अमली जामा भी पहना दिया। सागर में गोविंद राजपूत और 222 भूपेन्द्र सिंह के बीच अदावत जगजाहिर थी। यह विवाद लंबे समय से था और दोनों नेता एक दूसरे के खिलाफ खुलकर आरोप भी लगा चुके थे। हेमंत ने इसे प्राथमिकता से लेते हुए सागर प्रवास के दौरान दोनों से बात की और समन्वय बनाते हुए दोनों के बीच का विवाद समाप्त करवाया। इससे दोनों नेताओं के समर्थक भी अब खुश है। इसके बाद उन्होंने छतरपुर जिले में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अर्चना सिंह, उनके पति पुष्पेन्द्र सिंह और विधायक ललिता वादव के बीच चल रहे मनमुटाव को भी अपने छतरपुर दौरे के दौरान खत्म करवाया।

# पुलिसकर्मियों की रील, शराब की बोतल लेकर बनाया वीडियो

### लाखों लोगों ने देखा, फिर किया डिलिट

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर में अफसर जहां अनुशासन का पाठ पढ़ा रहे हैं, वहीं कुछ सिपाही सोशल मीडिया पर उसकी खुलकर धज्जियां उड़ा रहे हैं। डीआरपी लाइन से सामने आया ताजा मामला इसका बड़ा उदाहरण है। एक पुलिसकर्मी ने वीडियो बनाया, जिसमें बिना हेलमेट बाइक पर तीन सवारी बैठी है। ये वीडियो शराब पीने के लिए प्रेरित करने वाला है। पुलिसकर्मी ने इसे अपने लाखों फॉलोअर्स वाले अकाउंट पर अपलोड कर दिया। हांलाकि बाद में डिलीट भी कर दिया, लेकिन तब तक लाखों लोग वीडियो देख चुके थे।

पुलिस लाइन इंदौर का यह वीडियो एक पुलिसकर्मी ने अपने अकाउंट पर शेयर किया था। वीडियो में वह अपने पुलिसकर्मी दोस्त और अन्य साथियों के साथ दिखाई देते हैं। जयवीर इसी वीडियो में डीआरपी लाइन में पैदल जाता है, जहां पुलिसकर्मी और बाइक पर बैठा दूसरा पुलिसकर्मी उसे रोकता है। इसके बाद वे शराब की बोतल



दिखाकर उसे साथ चलने के लिए प्रेरित कहते हैं। दोनों पुलिसकर्मी बीडीएस और डॉग स्क्वॉड में सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे में पुलिस परिसर में इस तरह के वीडियो बनाकर उन्हें सोशल मीडिया पर डालना नियम के विरुद्ध है। इस तरह के वीडियो विभाग की छवि धूमिल कर रहे हैं। वीडियो में बाइक से आए दो लोग, पैदल चल रहे व्यक्ति को साथ चलने के लिए कहते हैं, जिस पर वह मना कर देता है। नशे की रोकथाम को लेकर अफसर मुहिम चला रहे हैं। कमिश्नर के आदेश पर शहरभर में देर रात तक पुलिस चेकिंग भी की जाती है।

# जागा शिक्षा विभाग, मान्यता देने वाले करेंगे जांच

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • 'दैनिक इंदौर संकेत' में प्रकाशित खबर को लेकर पूरे शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। जो निजी स्कूलों स्वाध्यायी को नियमित बताने का नियम विरुद्ध कर रहे थे उन स्कूलों में खबर को लेकर हलचल बनी रही। इसी का परिणाम रहा कि हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों को मान्यता देने वाले संयुक्त संचालक लोक शिक्षण इंदौर संभाग द्वारा खबर में छपे स्कूलों का भौतिक निरीक्षण करने के लिए समिति बनाकर जांच करने के आदेश दिए। गौरतलब है कि गत 2/3 वर्षों से शिक्षा विभाग में निरीक्षण की प्रथा समाप्त हुई, वैसे ही निजी स्कूलों ने मनमानी शुरू कर दी। गली कूचों में चलने वाले स्कूलों ने सबसे ज्यादा नियमों का मखौल उड़ाया।


निरीक्षण की व्यवस्था ठप होने से निजी स्कूलों ने उठाया फायदा

शिक्षा विभाग की सुस्ती, गली के स्कूलों ने खेला खेल

यह नाम तो है झांकी, नाम और भी बाकी

मंडल के कर्मचारियों की मिलीभगत की आशंका!

खबर वही, जिसका हो असर...

### इनका कहना है

हमने जांच दल बनाया है, जो मान्यता नियमों के अनुसार इन स्कूलों की जांच करेगा। अगर किसी प्रकार का उल्लंघन पाया गया तो इन स्कूलों की मान्यता समाप्ति की कार्यवाही भी की जा सकती है।
**– अनीता चौहान**, संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण इंदौर संभाग

■ *इस खबर के बाद 'दैनिक इंदौर संकेत' के प्रतिनिधि के पास अनेक मुखबिरों से चौंकाने वाली जानकारी प्राप्त हुई। इससे साफ जाहिर होता है, यह कतिपय स्कूल शिक्षा विभाग को अपनी जेब में रखकर पूरी मनमानी करते है। इन स्कूलों के संचालक अधिकारियों के साथ अपने फोटो शेयर कर विभाग में अपने आपको सुरमा साबित करने में लगे रहते हैं। बहरहाल अब समय आ गया है, जब ऐसे दंभी स्कूल संचालक की हेकड़ी निकलने का। बहुत जल्द ही 'दैनिक इंदौर संकेत' में ऐसा ही एक और चौंकाने वाला खुलासा होगा।*

### जीतू पटवारी ने बनाई विभागों की रिपोर्ट

# कांग्रेस भी करेगी भाजपाई मंत्रियों के दो साल के कार्यकलापों की समीक्षा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**भोपाल** • प्रदेश की मोहन यादव सरकार अपने कार्यकाल का 2 साल पूरा करने जा रही है। सरकार ने विभागवार समीक्षा शुरू कर दी है। वहीं दूसरी ओर मप्र कांग्रेस भी मंत्रियों के विभागों की समीक्षा रिपोर्ट तैयार कर रही है। जिसे सरकार के 2 साल पूरा होने सार्वजनिक किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि हर विभाग में घोटाला हो रहा है। पटवारी ने कहा कि मंत्री भ्रष्टाचार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री क्या ऐसे मंत्रियों को हटा पाएंगे। अब कांग्रेस एक-एक मंत्री और विभाग की सार्वजनिक समीक्षा करेगी और पूरे प्रदेश के सामने रिपोर्ट सार्वजनिक करेगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई मंत्री खुद को ईमानदार बताता है, तो कांग्रेस उसका विभागीय काला चिट्ठा सार्वजनिक करेगी।

### किस विभाग में क्या

**कृषि विभाग:** कृषि मंत्री के विभाग पर नकली बीज घोटाले, परमिट के दुरुपयोग, बीमा कंपनियों की मिलीभगत और कैग रिपोर्ट में स्पष्ट टिप्पणियाँ दर्ज हैं। ऐसे में कृषि मंत्री पर कोई कार्रवाई होगी।

**स्कूल शिक्षा:** 50 लाख बच्चों का स्कूल शिक्षा व्यवस्था से गायब होना और बजट का 7 हजार करोड़ से बढ़कर 37 हजार करोड़ होनो खुद में बड़ा भ्रष्टाचार है। शिक्षा मंत्री से पूछना चाहिए कि बच्चों की संख्या क्यों कम हो रही है और पैसा कहाँ जा रहा है?

**परिवहन विभाग :** मुख्यमंत्री ने परिवहन टोल नाके बंद होने का दावा किया था, जबकि सभी टोल पहले की तरह चालू हैं। इसके लिए जिम्मेदार कौन है।

**ग्रामीण विकास, सहकारिता :** उपार्जन घोटाले से लेकर सहकारिता में भारी भ्रष्टाचार और पंचायतों में अनियमितताओं पर सरकार चुप है।

**स्वास्थ्य विभाग :** स्वास्थ्य मंत्रालय की लापरवाही से 26 बच्चों की मौत हो चुकी है। नकली दवाइयों और कुपोषण पर भी सरकार का रवैया उदासीन है। कैग रिपोर्ट पर कार्रवाई हो पाएगी।

**लोनिवि :** बेतहाशा भ्रष्टाचार के कारण बने पुल 90 डिग्री पर झुक जाते हैं। सडक़ें 100 मीटर तक धंस जाती हैं। जिम्मेदारी तय नहीं।

## न्यूज ब्रीफ

- 100 फ्लाइट्स कैंसिल होने पर मचा हंगामा, पायलटों ने सुनाया दुखड़ा, डीजीसीए ने बुला ली बैठक
- आज भारत आ रहे रूसी राष्ट्रपति पुतिन, शिखर सम्मेलन में होंगे शामिल
- दिल्ली में प्रदूषण के मुद्दे पर आज संसद भवन में विपक्षी सांसदों का प्रोटेस्ट
- श्रीलंका ने 25 में से 22 जिलों को 'आपदा क्षेत्र' घोषित किया, भारत ने मानवीय सहायता बढ़ाई
- एसएमसीए समीक्षा में फेल हुआ तो समझौता खत्म होगा या नया ट्रेड डील बनेगा– राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप
- इजरायल ने रफा में हमले के जवाब में दक्षिण गाजा पर किया एयरस्ट्राइक
- हिमाचल प्रदेश के असिस्टेंट ड्रग कंट्रोलर की 2.58 करोड़ की संपत्ति ईडी ने अटैच की
- हाथरस गैंगरेप केस : राहुल गांधी पर मानहानि मामले की सुनवाई आज
- लालू प्रसाद के 'लैंड फॉर जॉब' केस में आज सुनवाई



# आरटीओ में बड़ा बदलाव : लाइसेंस शाखा का प्रभार भी बदला

### 15 नए कंप्यूटर ऑपरेटरों की नियुक्ति की गई

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • आरटीओ में लाइसेंस शाखा में महत्वपूर्ण फेरबदल किया गया है। पत्रकार विवाद और उसके बाद केस दर्ज होने की घटना के बाद पूर्व प्रभारी बाबू अंकित चिंतामण को लाइसेंस शाखा से हटा दिया गया है। उनकी जगह अब सीनियर बाबू रोहित अटूट को लाइसेंस शाखा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आरटीओ ने बताया कि रोहित अटूट के साथ सहयोगी के रूप में कोमल गौड़ और रूपेश देशमुख को भी तैनात किया गया है। लर्निंग लाइसेंस का काम जहां ऑनलाइन होता है, वहीं पक्के लाइसेंस का काम आरटीओ कार्यालय में किया जाता है।

सूत्रों के अनुसार, रोहित अटूट पहले से ही चार पहिया वाहनों के रजिस्ट्रेशन कार्य देखते हैं। कार्यभार अधिक न बढ़े, इसलिए दो अतिरिक्त बाबू सहयोग के लिए दिए गए हैं। कोमल की हाल ही में कार्यालय में नियुक्ति हुई है, जबकि रूपेश अन्य जिले से स्थानांतरित होकर आए हैं।

कर्मचारियों की कमी से जूझ रहे आरटीओ कार्यालय को बड़ी राहत मिली है। स्मार्टचिप कंपनी का काम समाप्त होने के बाद से स्टाफ की कमी थी, जिसे दूर करने के लिए प्रदेश स्तर पर भर्ती प्रक्रिया चलाई गई। अब आरटीओ को 15 नए कंप्यूटर ऑपरेटर मिल गए हैं। सूत्रों का कहना है कि इन नियुक्तियों में उन ऑपरेटरों को प्राथमिकता दी गई है जो पहले से आरटीओ में एवजियों के रूप में काम कर रहे थे।

# वीआईटी में 'बजरंग बली' का नाम लेने पर लगता है फाइन

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • मध्यप्रदेश विधानसभा में वीआईटी यूनिवर्सिटी को लेकर चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। कांग्रेस विधायक हेमंत कटारे ने आरोप लगाया कि हमारे देश में एक स्थान ऐसा है, जहां पर बजरंग बली का नाम लिया जाता है, तो उनके ऊपर कार्यवाही की जाती है, 5,000 रुपए का फाइन लगाया जाता है और दंडात्मक कार्यवाही की जाती है। यह वही संस्थान है, जिसका अभी मंत्री इंदर परमार अपने जवाब में उल्लेख कर रहे थे। मैं बताना चाहता हूं कि दिनांक 8 जुलाई 2022 को वहां के छात्रों ने बजरंग बली के नाम का स्मरण किया और इसके लिए उन पर दंडात्मक कार्यवाही की गई। कटारे ने यह भी आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय छात्रों से एडमिशन के समय एक अनिवार्य 'कंसेंट बॉन्ड (सहमति पत्र)' भरवाता है, जिसके आधार पर संस्थान छात्रों का ब्लड और यूरिन सैंपल जब चाहे ले सकता है और उन्हें स्टोर भी कर सकता है। उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने सदन में बॉन्ड की लाइन पढ़ते हुए बताया कि यह प्रक्रिया बिना वास्तविक सहमति के दबाव में और छात्रों के अधिकारों का उल्लंघन करते हुए की जाती है। कटारे ने कहा– यह प्रावधान न केवल असामान्य है, बल्कि छात्रों की गोपनीयता, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और शारीरिक स्वायत्तता का सीधा उल्लंघन है। 'यह केजीएफ जैसा कैंपस, जहां छात्रों से बंधुआ मजदूरों जैसा बर्ताव है' कटारे ने आरोप लगाया कि बिना सरकारी अनुमति का फर्जी क्लिनिक विश्वविद्यालय के अंदर संचालित हो रहा है। ष्टरूाह्व को परिसर में दो घंटे तक अंदर प्रवेश नहीं दिया गया, जो शासकीय कार्य में बाधा है। छात्रों को जब चाहे मेडिकल टेस्ट देने के लिए बाध्य किया जाता है। कटारे ने कहा, 'यह स्थिति दक्षिण की फिल्म चत्तस्न जैसी है, जहां लोग बंधुआ मजदूर बनाकर काम कराए जाते थे। छात्रों के साथ जो किया जा रहा है, वह उसी तरह का दमन है। कटारे और अन्य विधायकों ने बताया कि पेयजल के 18 सैंपलों में से 4 में बैक्टीरिया पाए गए। स्वास्थ्य संबंधी शिकायतें महीनों तक लंबित रहीं।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ



डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता
5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

# नववर्ष की पूर्व संध्या और नववर्ष के पहले दिन खजराना में होगी विशेष व्यवस्था

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर के प्रसिद्ध श्री खजराना गणेश मंदिर में नव वर्ष की पूर्व संध्या एवं नव वर्ष के पहले दिन बद्धालुओं की अधिक संख्या को ध्यान में रखते हुए विशेष व्यवस्थाएँ की जाएंगी। साथ ही, जनवरी माह में आयोजित होने वाले तिल चतुर्थी महोत्सव के दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों और सात दिवसीय मेले का आयोजन भी किया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर में अनेक ऑनलाइन सुविधाएं प्रारंभ करने का निर्णय भी लिया गया है। यह जानकारी बुधवार को यहां कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई श्री खजराना गणेश मंदिर प्रबंध समिति की बैठक में दी गई। बैठक में दोनों आयोजनों की तैयारियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।



कलेक्टर बर्मा ने निर्देश दिए कि नव वर्ष एवं तिल चतुर्थी महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता दी जाए। मंदिर परिसर में भीड़ प्रबंधन, पेयजल, पार्किंग, सफाई, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से जुड़े सभी इंतजाम समय पर पूर्ण किए जाएं। ऑनलाइन सुविधाओं का विस्तार कर श्रद्धालुओं को सुगम और आधुनिक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएँ। उन्होंने सभी विभागों से समन्वय कर तैयारियों को समयबद्ध एवं प्रभावी रूप से पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि अंग्रेजी नव वर्ष की पूर्व संध्या तथा पहले दिन श्रद्धालुओं के लिये अनेक व्यवस्थाएं की जायेंगी। भगवान श्री गणेश का विशेष श्रृंगार किया जायेगा। इन दोनों दिन संपूर्ण मंदिर परिसर में विशेष विद्युत और फूलों से सजावट की जायेगी। 31 दिसम्बर को रात्रि 11 बजे तक ही श्रद्धालुओं का प्रवेश मंदिर में रहेगा। मंदिर में एक जनवरी 2026 को सुबह 4 बजे से दर्शन पुनः प्रारंभ किया जायेगा। आगामी 31 दिसम्बर को पुजारी जयदेव भट्ट महाआरती करेंगे।

**सवा लाख लड्डुओं का लगेगा भोग–** श्री खजराना गणेश मंदिर में 6 जनवरी से तिल चतुर्थी महोत्सव प्रारंभ होगा। इस दौरान विभिष धार्मिक आयोजन होंगे। साथ ही सात दिन का मेला भी आयोजित किया जायेगा। तिल चतुर्थी के अवसर पर सवा लाख लड्डुओं का विशेष भोग लगाया जायेगा। महोत्सव का प्रारंभध्वजा पूजन के साथ होगा। मंदिर में विशेष साज–सज्जा की जायेगी।

### प्रारंभ होगी ऑनलाइन सुविधाएं

बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं के लिये अनेक ऑनलाइन सुविधाएं प्रारभ की जावेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि मंदिर की वैबसाइट को अद्यतन किया जाये। नया पोर्टल और एप भी प्रारंभ किया जाये। सहयोग राशि के लिये क्यूआर कोड की सुविधा भी प्रारंभ की जाये। कलेक्टर ने मंदिर परिसर का अवलोकन किया और की जाने वाली व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने मंदिर के विकास के लिये बनाए गये मास्टर प्लान का देखा और इसे शीघ्र अंतिम रूप देने के निर्देश दिये। बैठक में निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादए, अपर कलेक्टर निशा डामोर, राकेश शर्मा, मुख्य पुजारी अशोक भट्ट जयदेव भट्ट विनित भट्ट पुलिस, नगर निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### दत्त जयंती पर राजवाड़ा चौक पर समरसता महाआरती हुई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भगवान दत्तात्रेय को ज्ञान, करुणा और सामाजिक समरसता का प्रतीक माना जाता है। उनका संदेश जाति और वर्ग से ऊपर उठकर मानवता, सेवा और सद्भाव का मार्ग दिखाता है। दत्त जयंती के अवसर पर इसी भावना के साथ रविवार को इंदौर के ऐतिहासिक राजवाड़ा चौक पर समरसता महाआरती का आयोजन किया गया। यह आयोजन अखिल भारतीय दसनाम गोस्वामी समाज की युवा शाखा द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य समाज में एकता और भाईचारे का संदेश देना रहा। विशेष बात यह रही कि इस महाआरती में विभिन्न वर्गों और समाजों के 24 समाज प्रमुखों ने एक साथ सहभागिता की, जो सामाजिक समरसता की दिशा में एक नई पहल मानी जा रही है।

### फोनपे के इंडस ऐपस्टोर और मोटोरोला इंडिया ने की साझेदारी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भारत के घरेलू एंड्रॉइड ऐप मार्केटप्लेस, इंडस ऐपस्टोर ने आज मोटोरोला के साथ साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के बाद, भारत में मोटोरोला के डिवाइसेस पर इंडस ऐपस्टोर उपलब्ध होगा। इससे इंडस ऐपस्टोर पहले से ज्यादा डिवाइसेस पर उपलब्ध हो पाएगा और भारत में मोटोरोला के यूजर्स को पर्सनलाइज्ड ऐप डिस्कवरी अनुभव मिल सकेगा। इंडस ऐपस्टोर, भारतीय ग्राहकों को ऐप की दुनिया में एक बेहतर विकल्प देता है। इसे विशेष रूप से यूजर्स की पसंद और देश की विविध संस्कृति को ध्यान में रखकर बनाया गया है। हर भारतीय स्मार्टफोन यूजर तक पहुँचने के लिए, यह प्लेटफॉर्म अंग्रेजी के साथ–साथ अन्य 12 भाषाओं में अपनी सुविधाएँ उपलब्ध कराता है।

### गुरुदेव दत्त जयंती महोत्सव 5 को



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● श्री जांगड़ा पोरवाल पंचायती सभा, इंदौर द्वारा श्री गुरुदेव दत्त जयंती महोत्सव 5 दिसम्बर को छत्रीबाग स्थित नरसिंह मंदिर परिसर में आयोजित किया जा रहा है,जिसमें सुबह प्रभातफेरी निकलेगी, कांकड़ा आरती होगी। समाज अध्यक्ष आर डी फरकिया एवं सचिव अशोक मेहता ने बताया कि दत्त जयंती के अवसर पर प्रति वर्ष की परंपरा अनुसार सभा द्वारा महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय शाहपुरा पीठाधीश्वर अनंत विभूषित आचार्य श्री 1008 जगद्गुरु स्वामी रामदयाल जी महाराज के पावन सान्निध्य होगा। आचार्यश्री के आगमन से समाज में विशेष उत्साह एवं आध्यात्मिक उल्लास रहेगा।

# महिला ने चार बच्चों को जन्म दिया



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर की एक महिला ने बुधवार सुबह क्लॉथ मार्केट अस्पताल में चार बच्चों को जन्म दिया – तीन मादा और एक नर। हालाँकि, शिशुओं का वजन कम है, लेकिन वे वर्तमान में स्थिर हैं और गहन चिकित्सा देखभाल में हैं। डॉक्टरों के अनुसार, प्राकृतिक रूप से गर्भाधान से चार बच्चों का जन्म एक असामान्य घटना है, और ऐसा होने की संभावना लगभग 6,00,000 गर्भधारण में से एक के आसपास होने का अनुमान है। धार रोड निवासी शबाना मंसूरी का सुबह 8:30 बजे डॉ. फरहान पठान और डॉ. हेमलता गुप्ता के नेतृत्व वाली एक टीम द्वारा एक जटिल लेकिन सफल सिजेरियन ऑपरेशन किया गया।

अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रितेश पालिया ने बताया कि चारों शिशुओं का जन्म कम वज़न के साथ हुआ है, इसलिए उन पर कड़ी निगरानी ज़रूरी है। डॉक्टर ने बताया कि तीन शिशुओं का वज़न लगभग एक–एक किलोग्राम था और एक शिशु का वज़न केवल 750 ग्राम था। कम वज़न और सामान्य स्थिति को देखते हुए, शिशुओं को बाल चिकित्सा गहन चिकित्सा इकाई में रखा गया है। दो बच्चों, जिनकी हालत कमज़ोर है, को विशेष देखभाल के लिए डॉल्फिन अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इस मुश्किल प्रसव के बाद परिवार ने खुशी और चिंता दोनों व्यक्त की। शबाना की बहन ज़ोया मंसूरी ने कहा, 'हालाँकि एक बच्चे का वज़न बहुत कम है, हम ईश्वर के शुक्रगुज़ार हैं कि वे सभी स्वस्थ हैं। इंदौर में हाल ही में इसी तरह के उच्च–क्रम वाले एकाधिक जन्म देखे गए हैं, जिसमें 2024 में कन्नोद (देवास) की एक महिला द्वारा जन्मी चौगुनी बच्चियों और 2023 में एक निजी अस्पताल में जन्मी तीन बच्चियों का जन्म शामिल है। दो साल पहले इंदौर के एक अस्पताल में तीन बच्चियों का प्रसव कराने वाले डॉ. अविनाश पटवारी ने टीओआई को बताया कि चौगुनी बच्चियां अत्यंत दुर्लभ हैं, जो लगभग 6 लाख जन्मों में से 1 में होती हैं।

**कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिवम वर्मा ने जारी किये आदेश**

# शोर पर लगेगी लगाम, डीजे गाड़ियों पर अब सिर्फ 2 लाउड स्पीकर की अनुमति

## आदेश तत्काल लागू, 30 जनवरी तक प्रभावशील

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● कलेक्टर शिवम वर्मा ने जिले की राजस्व सीमा में ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण हेतु ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित व नियम विरूद्ध प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया है। डीजे में सिर्फ दो लाउड स्पीकर की ही अनुमति रहेगी। नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत इस संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर दिए गए हैं। उक्त आदेश तत्काल प्रभावशील होकर 30 जनवरी तक प्रभावशील रहेगा तथा उक्त प्रभावशील अवधि में उक्त आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 अंतर्गत दंडनीय अपराध की श्रेणी में आएगा। जारी आदेशानुसार इन्दौर जिले के अंतर्गत समस्त उत्सव आयोजन के दौरान लाउड स्पीकर,



बैण्ड, प्रेशर हार्न तथा अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग, विहित प्राधिकारी की अनुमति के बगैर प्रतिबंधित रहेगा। मानकों के प्रावधानों के पालन में सामान्यतः मध्यम आकार के अधिकतम 2 लाउडस्पीकर की अनुमति ही सक्षम अधिकारी द्वारा दी जा सकेगी। लाउडस्पीकर किराये पर देने वाले वेण्डर किसी भी आयोजन हेतु 2 से अधिक मध्यम आकार के लाउडस्पीकर किराये पर नहीं देंगे। ध्वनि प्रदूषण नियम, 2000 द्वारा निर्धारित शेड्यूल अनुसार निर्धारित ध्वनि का स्तर मानक सीमा से बाहर प्रतिबंधित रहेगा। रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक किसी भी प्रकार के लाउड स्पीकर, बैण्ड, प्रेशर हार्न तथा ध्वनि विस्तारक का पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।

### ध्वनि सुप्रीम कोर्ट के भी हैं निर्देश

उल्लेखनीय है कि शासन, राष्ट्रीय हरित अधिकरण एवं केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड दिल्ली द्वारा भी समय–समय पर ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण हेतु दिशा–निर्देश जारी किये गये हैं। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भी विभिन्न प्रकरणों में ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के संबंध में जारी निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराने तथा ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित किये जाने के संबंध में प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये हैं।

# मतदाताओं को जागरूक करने में शहर कांग्रेस ने संभाला मोर्चा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● विधानसभा 4 के वार्ड 67 में मतदाताओं के नाम जुड़वाने हेतु टेबल लगाकर एवं मतदाताओं को जागरूक करने हेतु घर–घर जाकर इंदौर शहर कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष एवं कांग्रेस जनों ने पकड़ा मैदान।

इंदौर शहर कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव एवं वार्ड 67 के पूर्व वार्ड अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव ने विधान सभा क्षेत्र 4 के वार्ड 67 छत्रीबाग में बूथ स्तर पर एस ए आर अभियान में तेजी लाने के लिए बूथ स्तर निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त बीएलओ को साथ लेकर जगह–जगह टेबल लगाकर मतदाताओं को जागरुक कर फार्म भरवाने में मदद की एवं घर–घर जाकर बीएलओ को साथ लेकर मतदाताओं के फार्म भरवा गए साथ ही जो मतदाता दूसरे स्थान या क्षेत्र या बाहर चले गए या जो फर्जी मतदाता थे उनके नाम चिन्हित किए गए मतदाताओं जागरूक करने के साथ ही फार्म भरना जरूरी बताया गया और उन्हें यह भी कहा गया कि



आप अपना फार्म भरने से वंचित रह जाते हैं तो आप आने वाले कोई से भी चुनाव में अपना वोट नहीं डाल सकोगे साथ ही जिन मतदाताओं ने एसआईआर फॉर्म नहीं भर उन्हें समझाइए कि वह जल्द से जल्द फॉर्म भरे और उन्हें और उन्हें जागरूक किया कि आने वाले चुनाव में वह अपने मत का उपयोग तभी कर सकेंगे जब वे इस अभियान के तहत भरवा जा रहे हैं फॉर्म को भरेंगे।



# दो दिवसीय परिचय सम्मेलन 21 एवं 22 दिसम्बर को

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● अग्रसैन सोशल ग्रुप द्वारा आयोजित दो दिवसीय परिचय सम्मेलन 21 एवं 22 दिसम्बर को राजीव गाँधी स्थित मीरा गार्डन में आयोजित होगा।

ग्रुप समन्वयक राजेश गर्ग संचालक शिव जिन्दल अध्यक्ष कमलेश मित्तल महामंत्री राजकुमार बंसल ने बताया की अभी तक 950 युवक युवतियों की प्रविष्ठियां प्राप्त हो चुकी हैं। इसमे 750 प्रविष्ठि उच्च शिक्षित युवक युवतियों की है। प्रविष्ठि प्रकाशन पूर्णतः निःशुल्क हैं। कल मंगलवार शाम को विनय नगर गार्डन में ग्रुप की परिचय सम्मेलन की तैयारी मीटिंग में मुख्य अतिथि समाजसेवी श्री दुर्गेश अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में परिचय सम्मेलन की प्रचार सामग्री का विमोचन किया गया। मीटिंग में विनोद गोयल मनीष मित्तल डॉक्टर गोविन्द सिंघल मनीष खजांची शरद गोयल अनूप सिंघल आदि ने अपने अमूल विचार रखे। यह भी निर्णय लिया गया की 22 जनवरी को परिचय सम्मेलन की कमान श्रीमति शशि गर्ग सविता जिन्दल प्राची गर्ग, निशा अग्रवाल किरण सिंघल वर्षा बंसल अनिता एरन किरण अग्रवाल के नेतृत्व में महिलाओं के हाथों में रहेगी। संचालन राजू बंसल ने किया आभार सतीश गोयल ने माना।

# एमपी ट्रांसको इंदौर के सबस्टेशनों में रात्रिकालीन औचक निरीक्षण की पहल से बढ़ी सजगता

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) द्वारा इंदौर क्षेत्र सहित प्रदेश में सबस्टेशनों की सुरक्षा एवं कार्यप्रणाली में सुधार हेतु शुरू की गई रात्रिकालीन औचक निरीक्षण की पहल लगातार सकारात्मक परिणाम दे रही है। इन निरीक्षणों के बाद सबस्टेशनों पर तैनात आउटसोर्स कर्मचारियों में कार्य के प्रति सजगता और अनुशासन का स्तर बढ़ा है, वहीं लापरवाही के मामलों में भी उल्लेखनीय कमी आई है। इस पहल से न केवल सुरक्षा में मजबूती आई है, बल्कि यार्ड संचालन एवं कार्य दक्षता में भी सुधार देखा गया है।

इंदौर के अधीक्षण अभियंता जयेश चौपडा ने बताया कि



रात्रिकालीन औचक निरीक्षण की यह परंपरा पूर्व मुख्य अभियंता श्री प्रवीण गार्गव के कार्यकाल में प्रारंभ की गई थी। उस समय इंदौर क्षेत्र में सबस्टेशनों के ट्रांसफॉर्मरों के न्यूट्रल से जुड़े अत्यंत संवेदनशील एवं बहुमूल्य तांबे की स्ट्रिप एवं आईसोलेटर के कापर ब्लेड चोरी की घटनाएँ सामने आती थीं। सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई यह पहल अब तक प्रभावी सिद्ध हुई है। निरीक्षण के दौरान प्रत्येक अधिकारी को सबस्टेशन का फोटो व वीडियो प्रमाण सहित निरीक्षण विवरण विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप में साझा किये जा रहें है, जिससे सम्पूर्ण प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित हो रही है। श्री चौपडा ने बताया कि रात्रिकालीन यार्ड निरीक्षण एक तकनीकी रूप से महत्वपूर्ण प्रक्रिया है।

# क्रांतिवीर टंट्या प्रतिमा के पास झंडे पर जयस और बीजेपी वनवासी परिषद में बड़ा विवाद

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर के भंवरकुंआ पर क्रांतिवीर टंट्या भील की प्रतिमा के पास झंडों को लेकर विवाद हो गया। यह विवाद आदिवासी संगठन जयस और बीजेपी के वनवासी कल्याण परिषद के बीच हुआ है। विवाद जयस से झंड़े हटाने के बाद खड़ा हुआ। आरोप है कि यह परिषद द्वारा हटाए गए हैं। यहां चार दिसंबर को क्रांतिवीर टंट्या भील के शहादत दिवस पर आयोजन होना है। इस आयोजन के लिए बीजेपी के मंत्री कुंवर विजय शाह आ रहे हैं।

जबसे यहां पर प्रतिमा स्थापित हुई है, जयस ने अपने झंडे लगा रखे हैं। लेकिन, एक दिन पहले जयस के राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकेश मुजाल्दा और जयस छात्र संगठन अध्यक्ष पवन अहिरवार का परिषद के



आदित्य के साथ विवाद हुआ। आरोप है कि परिषद झंड़े हटाने की बात कह रहे थे, जिसका जयस द्वारा विरोध किया गया। इस झंडे को आदिवासियों की अस्मिता से जोड़ा गया और कहा कि ये झंडे हमारे स्वाभिमान के प्रतीक हैं। वहीं इसी बीच बुधवार को यहां से जयस के झंडे हट गए। यह बात जब जयस तक पहुंची तो वह भयंकर भड़क गए। उन्होंने सोशल मीडिया पर मैसेज जारी कर साफ कह दिया कि झंडे नहीं लगे तो हम सड़कों पर उतरेंगे और शहादत दिवस पर काले झंडे दिखाए जाएंगे। इसे सहन नहीं किया जाएगा। गुरुवार सुबह सात बजे तक हमारे झंडे नहीं लगे तो हम नेताओं का खुला विरोध करेंगे। मुजाल्दा और अहिरवार ने कहा कि यह क्रांतिसूर्य जननायक टंट्या भील चौराहा जयस की जन क्रांति, जागरूकता के कारण बन पाया है इस बात को बीजेपी और वनवासी कल्याण परिषद बिल्कुल ना भूले। झंड़े तुरंत ससम्मान दोबारा लगाया जाए। ये झंडा हमारे स्वाभिमान, हमारी पहचान और हमारे संघर्ष का प्रतीक है।

# विश्व विकलांग दिवस पर दृष्टिहीन कर्मचारी संघ द्वारा मुख्यमंत्री के नाम नो सूत्रीय ज्ञापन संभागायुक्त को सौंपा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● विश्व विकलांग दिवस पर दृष्टिहीन कर्मचारी संघ द्वारा वरिष्ठ कर्मचारी नेता हरीश बोयत अपाक्स के जिला अध्यक्ष रमेश यादव के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम नो सूत्रीय ज्ञापन संभाग आयुक्त को सौंपकर निम्नलिखित मांग की गई। दृष्टिहीन कर्मचारी संघ के जिला सचिव अनिल बामनिया ने बताया कि।

विकलांग वाहन भते में वृद्धि की जाए केंद्र सरकार द्वारा 4000विकलांग वाहन भते के समान मध्यप्रदेश सरकार भी अपने दिव्यांग कर्मचारियों को प्रदान करें जो वर्तमान में मात्र 671रूपये प्रदान किया जा रहा है। ई–अटेंडेंस से छूट प्रदान कि जाए दृष्टिबाधित कर्मचारियों को ई अटेंडेंस



लगाने हेतु दुसरे कर्मचारियों पर निर्भर रहना पड़ता हैं अतः हमें ई अटेंडेंस प्रक्रिया से मुक्त रखा जाए। केंद्र सरकार के समान दिव्यांग कर्मचारियों को पदोन्नति एवं उच्च पद प्रभार में 3%आरक्षण का लाभ दिया जाए यात्रा किराए में अटेंडर को 50%छूट प्रदान की जाए। पुरानी पेंशन बहाली करने सहित अन्य मांगों का ज्ञापन आज संभाग आयुक्त की अनुपस्थित में आफिस अधीक्षक भंवरलाल चौहान को सौंपा गया। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से उपाध्यक्ष कैलाश मालवीय, अशोक रैकवार, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष कमलेश सिंह, जागरूक अधिकारी कर्मचारी संघ अध्यक्ष पवन शर्मा आदि उपस्थित थे।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत
इंदौर, गुरुवार 04 दिसंबर 2025

न्यूज ब्रीफ

## गणेश मंदिर पर तिल चतुर्थी महोत्सव में सवा लाख लड्डुओं का भोग लगेगा

**इंदौर** ●खजराना गणेश मंदिर पर परंपरागत तिल चतुर्थी महोत्सव 6 से 8 जनवरी तक धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान मंदिर के भक्त मंडल की ओर से तिल-गुड़ के सवा लाख लड्डुओं का भोग लगाया जाएगा। महोत्सव का शुभारंभ 6 जनवरी को जिलाधीश एवं मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शिवम वर्मा एवं निगमायुक्त दिलीप यादव सुबह 10 बजे ध्वजा पूजन के साथ करेंगे और भक्तों के लिए निर्मित सवा लाख लड्डुओं के प्रसाद वितरण का शुभारंभ भी करेंगे। आज मंदिर प्रबंधन समिति की बैठक जिलाधीश शिवम वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। निगमायुक्त एवं मंदिर के प्रशासक दिलीप कुमार यादव ने भी बैठक को संबोधित किया।

## माँ अन्नपूर्णा के प्राकट्य उत्सव पर अभिषेक एवं बरकती सिक्कों का वितरण

**इंदौर** ●शहर के प्रमुख आस्था केंद्र अन्नपूर्णा मंदिर पर मार्गशीर्ष शुक्ल पूर्णिमा गुरुवार 4 को माँ अन्नपूर्णा का प्राकट्य महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि के सानिध्य में सुबह अभिषेक एवं सहस्त्रार्चन के पश्चात अभिमंत्रित बरकती सिक्कों का वितरण भी होगा। मंदिर के संचालक स्वामी जयेंद्रानंद गिरि, न्यासी मंडल के विनोद अग्रवाल, टीकमचंद गर्ग, पवन सिंघानिया मोयरा, श्याम सिंघल, सत्यनारायण शर्मा एवं सुनील गुप्ता ने बताया कि पूर्णिमा के दिन माँ पार्वती के अन्नपूर्णा स्वरुप के अवतरण को प्राकट्य उत्सव के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि इसी दिन माँ पार्वती ने अन्नपूर्णा का रूप धारण किया था। इसी दिन माँ अन्नपूर्णा की आराधना करने से उनकी कृपा से घर में अन्न की कमी नहीं होती। अन्नपूर्णा आश्रम भक्त मंडल की ओर से गुरुवार को सुबह 5 से 7.30 बजे तक अभिषेक पूजन और उसके बाद अभिमंत्रित बरकती सिक्कों का वितरण किया जाएगा।

### कनाडिया रो से 60 से ज्यादा अवैध गुमटी, दुकानें, शेड हटाए

# अतिक्रमण हटाने गए निगम अधिकारी के साथ की गई मारपीट

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●नगर निगम द्वारा बुधवार को बंगाली चौराहा से भंडारी रिसोर्ट की ओर कनाडिया रोड क्षेत्र में व्यापक रिमूवल एवं अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई की गई। निगम की रिमूवल टीम ने सुबह से ही संयुक्त अभियान चलाते हुए सड़क किनारे, फुटपाथ तथा सार्वजनिक स्थानों पर लगे अवैध होर्डिंग, बोर्ड, गुमटी एवं बाधक निर्माणों को हटाने की कार्यवाही प्रारंभ की। कार्रवाई के दौरान जब निगम का रिमूवल अमला मुरेना गजक वालों के यहां कार्रवाई के लिए पहुंचा, तो यहां के संचालकों से हुज्जत हो गई। बात इतनी बढी की दुकानदारों ने निगम के सहायक रिमूवल अधिकारी को घेरकर पीट दिया। साथ ही अन्य दो कर्मचारियों की भी पिटाई कर दी। इस दौरान यहां जमकर हंगामा हो गया। लोगों ने जैसे-तैसे बीच-बचाव कर इन्हें अलग किया। बाद में इनके खिलाफ पुलिस थाना कनाड़िया में एफआईआर दर्ज कराई गई।



### पहले हुई गाली-गलौज, फिर हुई मारपीट

नगर निगम की टीम बुधवार सुबह चौराहा से फुटपाथ और सड़क के अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करते हुए आगे आ रही थी। इसी दौरान कनाड़िया रोड पर कार्रवाई के दौरान निगम के प्रभारी सहायक रिमूवल अधिकारी बबलू कल्याणे की मुरैना गजक के दुकानदार राकेश जोशी और उदय जोशी के साथ बहस और गाली-गलौज हो गई। इस दौरान निगम रिमूवल टीम के सुपरवाइजर राजेश शर्मा की दोनों दुकानदारों के साथ हाथापाई हो गई, इस पर दोनों दुकानदारों ने हाथों से बबलू कल्याणे और राजेश शर्मा की पिटाई कर दी। इस पर निगमकर्मियों ने भी दोनों की पिटाई शुरू कर दी।

दोनों ओर से हाथापाई के दौरान मौके पर जमकर हंगामा हो गया। यहां मौजूद लोगों ने दोनों पक्षों को अलग किया और मामला शांत किया। घटना के बाद निगम के कर्मचारियों को पुलिस को सूचना दी और मौके पर भारी बल पहुंच गया। इसके बाद निगम के रिमूवल अमले ने कार्रवाई को और तेज कर दिया।

दुकानदारों का आरोप था कि निगम बिना नोटिस के निगम ने कार्रवाई की और दुकानों से समान उठाना शुरू कर दिया। कनाड़िया रोड पर होलकर प्रतिमा से बायपास की तरफ जाने वाले मार्ग पर लोगों ने टीन शेड की दुकानें बनाकर व्यापार शुरू कर दिया था। इस रास्ते पर सब्जी मंडी के साथ ही अन्य दुकानें भी संचालित हो रही थीं, जिसके कारण ट्रैफिक जाम की समस्या बनी हुई थी। जोन क्रमांक 19 के भवन अधिकारी विशाल राठौर ने बताया कि होलकर प्रतिमा से बायपास तक जितनी भी अवैध ठेले गुमटियां, चाट-चौपाटी और सब्जियों की दुकाने थीं, उन्हें हटाया गया है। 60 से 70 दुकानों पर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के पहले अनाउंसमेंट भी किया गया था। आगे भी यदि कोई यहां दुकान लगाएगा तो उसे भी हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

### 10 ट्रक से अधिक समान जब्त किया

कार्रवाई के दौरान निगम टीम द्वारा 40 स्थायी लोहे के अवैध होर्डिंग, तथा 70 से अधिक लकड़ी और अस्थायी होर्डिंग हटाए गए।इसके अतिरिक्त फुटपाथ एवं सड़क किनारे अतिक्रमण कर रखी गई सामग्री को हटाते हुए 10 ट्रक से अधिक सामान जप्त किया गया।अवैध रूप से लगे इन होर्डिंग एवं अतिक्रमणों के कारण यातायात बाधित हो रहा था तथा आमजन को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था।निगम आयुक्त यादव ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शहर में सौंदर्यीकरण, सुगम यातायात एवं नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण, अतिक्रमण या बाधक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी।इसी निर्देश के अनुपालन में रिमूवल अमले ने सख्ती से कार्रवाई करते हुए सभी अवैध संरचनाओं को हटाया।

### शासकीय कार्य में बाधा डालने की हुई कार्रवाई

कार्रवाई के दौरान निगम रिमूवल अधिकारी अश्विन उर्फ बबलपू कल्याणे एवं निगम रिमूवल सुपरवाइजर एवं टीम के साथ कार्य के दौरान अभद्र व्यवहार करने पर राकेश जोशी एवं उदय जोशी द्वारा शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने का प्रयास किया गया, जिस पर इनके विरुद्ध थाना कनाडिया में एफआईआर दर्ज की गई।निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इस प्रकार की बाधा डालने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।शिकायत में यह भी आरोप लगे हैं कि राकेश और उदय जोशी ने बबलू कल्याणे को जाने से मारने की धमकी दी।

## इंदौर में युवा गायक अंश जैन का सम्मान हुआ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●जीआईएस (गोल्डन इंटरनेशनल स्कूल इंदौर ) में एक अवार्ड कार्यक्रम रखा गया था । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे कर्नल जितेन्द्र बहादुर सिंह (कमाडिंग ऑफिसर, इन्फेटरी स्कूल महू ) की उपस्थिति गरिमा पूर्ण रही । साथ ही इन्दौर के युवा गायक अंश जैन ने कुछ समय पूर्व स्कूल में आयोजित बच्चों के संगीत स्पर्धा में निर्णायक की भूमिका निभाई थी। जिसके अंतर्गत स्कूल के डायरेक्टर गोपाल अग्रवाल एवं प्रिंसिपल सर टी आर ब्राउन और उनके स्कूल स्टॉफ के द्वारा उनका सम्मान किया गया। उन्हें सम्मानित करते हुए युवा गायक अंश जैन को एक ट्रॉफी प्रदान की गयी । इसमें प्रभावी भूमिका अनुराग जैन व प्रिंस जैन की रही।



## ब्रह्मलीन हरिशचन्द्र मानावत की स्मृति में स्वास्थ्य मेला 6 दिसंबर को लगेगा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● ब्रह्मलीन स्वर्गीय हरिशचन्द्र मानावत के 14 वें पुण्य स्मरण दिवस पर विशाल निशुल्क स्वास्थ्य मेला 6 दिसंबर को लगाया जाएगा । कर्मवीर स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश मानावत ने बताया कि ख्याति प्राप्त समाजसेवी ब्रह्मलीन स्वर्गीय हरिश चन्द्र मानावत के 14वें पुण्य स्मरण दिवस पर विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में आयुर्वेदिक, होम्योपैथी, यूनानी पद्धति से विशेषज्ञ डॉक्टर जरूरतमंद मरीजों की जांच कर निशुल्क दवाइयां भी दी जाएगी। नि:शुल्क नेत्र शिविर में चोइथराम नेत्रालय के डाक्टर चयनित मोतियाबिंद मरीजों का आपरेशन नि:शुल्क चोइथराम नेत्रालय में किया जाएगा । इस शिविर का आयोजन कर्मवीर स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट इन्दौर एवं बंजारा जन -विकास सेवा समिति इन्दौर मध्य प्रदेश द्वारा पीएम श्री हाईस्कूल जवाहर टेकरी धार रोड पर 6 दिसंबर को लगाया जाएगा। इस शिविर में ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद मरीज शिविर का लाभ उठा सकते हैं। शिविर में उत्कृष्ट चिकित्सकों का सम्मान भी किया जाएगा।

### राष्ट्रपति द्वारा - 'अटूट इच्छाशक्ति' पूजा गर्ग को ऐतिहासिक राष्ट्रीय सम्मान



**इंदौर** ● मप्र की बेटी, अंतरराष्ट्रीय पैरा-एथलीट, कैंसर सर्वाइवर और सामाजिक परिवर्तन की अग्रदूत कुमारी पूजा गर्ग को आज भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार से भव्य सम्मानित किया गया।पूरा सभागार खड़े होकर तालियाँ बजा रहा था, कैमरों की फ्लैशों से मंच चमक रहा था, और देश के हर कोने से आए प्रतिष्ठित अतिथि इस क्षण को ऐतिहासिक बता रहे थे।

## रणजीत हनुमान मंदिर की प्रभातफेरी में ड्रोन-सीसीटीवी से होगी निगरानी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● रणजीत अष्टमी पर यानी 12 दिसंबर को रणजीत हनुमान मंदिर से विशाल प्रभातफेरी निकलेगी। इसे लेकर कलेक्टर शिवम वर्मा ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों, मंदिर प्रबंधन के पदाधिकारियों और मंदिर के पुजारियों के साथ मीटिंग की। जिसमें कई बातों पर डिस्कशन हुआ। इसमें मुख्य रूप से प्रभातफेरी की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जरूरी निर्णय लिए गए। 9 दिसंबर से इंदौर के रणजीत हनुमान मंदिर में चार दिवसीय आयोजन की शुरुआत होगी। 12 दिसंबर को मंदिर से सुबह 5 बजे विशाल प्रभातफेरी निकाली जाएगी। इस प्रभातफेरी में लाखों भक्त शामिल होते हैं। बाबा रणजीत विशेष स्वर्ण रथ में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकलते हैं। इस आयोजन को लेकर सभी तैयारियां भी पूरी हो चुकी है। कलेक्टर ने आयोजन से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि आयोजन के दौरान ऐसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए, जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी का सामना ना करना पड़े। श्रद्धालुओं को सभी तरह ही सुविधाएं रहें। सुरक्षा के भी पूरी इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। मीटिंग में तय किया गया है कि प्रभातफेरी के रास्ते में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। शराब पीकर आने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रभातफेरी मार्ग पर किसी भी तरह के शस्त्र का प्रदर्शन नहीं किया जा सकेगा। सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन के माध्यम से प्रभातफेरी में निगरानी रखी जाएगी। एक कंट्रोल रूम भी बनाया जाएगा। इसके साथ ही मुख्य मार्ग पर बेरिकेडिंग की भी पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी।

## बिजासन रोड अखंड धाम पर अ.भा. संत सम्मेलन का शुभारंभ आज से- पचास से अधिक संत आएँगे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●बिजासन रोड स्थित प्राचीन अविनाशी आश्रम अखंड धाम पर 58 वें अ.भा. अखंड वेदांत संत सम्मेलन का आयोजन 4 से 10 दिसंबर तक होगा। सम्मेलन में जगद्गुरु शंकराचार्य सहित देश के जाने-माने 50 से अधिक संत, विद्वान, महामंडलेश्वर एवं तपस्वी संत आएंगे। आश्रम के महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी चेतनस्वरूपजी महाराज के सानिध्य में प्रतिदिन संत-विद्वानों के प्रवचन होंगे। सम्मेलन में जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ, अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के आचार्य जगदगुरू स्वामी रामदयाल महाराज, वृंदावन के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद, मुंबई से महामंडलेश्वर स्वामी चिदंबरानंद सरस्वती सहित देश के अनेक जाने-माने संत-विद्वान आएंगे।

## जर्मनी की सुश्री जोर्डिस फ्लोदर बिजली ग्रिड परिसर की स्वच्छता से खुश हुई

### बिजली कंपनी के एमडी अनूप कुमार सिंह से भी चर्चा की

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● ऊर्जा क्षेत्र को विश्व के कई देशों में मदद करने वाले केएफडब्ल्यू बैंक जर्मनी की सुश्री जोर्डिस फ्लोदर, राहुल ठाकुर ने पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के तहत तीन दिनी दौरे के तीसरे दिवस बुधवार को पोलो ग्राउंड इंदौर स्थित विश्राम गृह में प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह से भेंट कर जारी कार्य योजना और भविष्य की संभावना आदि को लेकर चर्चा की। सुश्री जोर्डिस फ्लोदर ने इंदौर शहर वृत्त के अधीन राऊ- केट रोड के औद्योगिक क्षेत्र को बिजली आपूर्ति करने वाले 33/11केवी ग्रिड का भी दौरा कर जानकारी ली। यहां के ग्रिड की क्षमता मौजूदा 5 एमवीए दुगुनी कर 10 एमवीए की जाना है। सुश्री जोर्डिस फ्लोदर ग्रिड की स्वच्छता देखकर बोली ..नीट एंड क्लीन ग्रिड, उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र की बिजली मांग की भविष्य की संभावना की जानकारी ली। ग्रिड पर विद्युत सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम एवं आथोराइजेशन चार्ट, प्राथमिक उपचार प्रक्रिया के पोस्टर को पढ़कर प्रसन्नता जाहिर की। जर्मनी से आए दल को मुख्य अभियंता कार्य एसएल करवाड़िया, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एससी वर्मा, शहर अधीक्षण यंत्री डीके गाठे, कार्यपालन यंत्री शैलेंद्र भदौरिया, सहायक यंत्री तरूण चावला, गगन सेन आदि ने स्वागत किया एवं प्रश्नो के उत्तर भी दिए। जर्मनी के दल ने उज्जैन के ग्रिड का भ्रमण किया, महाकालेश्वर दर्शन उपरांत अपराह्न भोपाल के लिए प्रस्थित हुआ।

## श्री बृजलाल उस्ताद व्यायाम शाला के तत्वाधान में मल्ल सम्राट कुश्ती दंगल का आयोजन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● कुम्हारखड़ी स्थिति श्री बृजलाल गुरु कुश्ती स्टेडियम में संपन्न हुआ जिसके आयोजन करता विजयकुमार भाटिया पहलवान मध्य प्रदेश केसरी एवं संयोजक दयाल यादव पहलवान एकलव्य अवार्डी द्वारा आयोजित दंगल में मुख्य रूप से उपस्थित वीरेंद्र गुप्ता, अशोक चौहान चांदू नेता धीरज ठाकुर, मोहन बामनिया , अर्जुन ठाकुर, राजेंद्र शुक्ला, सनातनी विधायक गोलू शुक्ला, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, बंटी खलीफा, सुमेर सोलंकी, अज्जू नामदेव, की उपस्थिति में संपन्न हुआ इस दंगल में हजारों जनता के बीच लाखों रुपए के नाम वितरित किए गए मुख्य कुश्ती में सोनीपत के अमित पहलवान ने हिमाचल के सौरभ को इंदौर के रेहान खान ने हरीयाणा के वकार को लोकपाल ने दिल्ली के भारत को अनुराग सोलंकी पंजाब ने ग्वालियर के शेलू को गौरव वर्मा ने आष्टा के पहलवान को चित करके मल्ल सम्राट का खिताब अपने नाम किया आयोजन समिति की ओर से विजेता पहलवानों को गुर्ज एवं मल्ल सम्राट के खिताब के साथ उपविजेता पहलवान को शील्ड एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया आयोजन समिति के अरबाज पहलवान शाकिब पहलवान गुल्ली पहलवान ने आभार व्यक्त किया।



## पत्नी व बच्चों से मिलने पहुंचे युवक पर हमला बजरंगियों ने आरोपी को पकड़ा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भंवरकुआ चौराहे पर बुधवार देर रात करीब 11 बजे उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। घटना प्रेम-प्रसंग और पारिवारिक विवाद से जुड़ी बताई जा रही है। घायल युवक हिमांशु चौहान, निवासी महावार नगर, को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। हमले के मुख्य आरोपी मुस्तकीम पठान को मौके पर मौजूद लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि उसका एक साथी मौके से भाग निकला। हिमांशु चौहान ने बताया कि वह 420 के एक मामले में सीआई जेल में बंद था और कुछ समय पहले ही वह जेल से रिहा हुआ है। घर आने पर उसे पत्नी और बच्चों का कोई पता नहीं चला। दो दिन की खोजबीन के बाद उसे जानकारी मिली कि उसकी पत्नी किसी मुस्तकीम पठान के साथ रह रही है। हमांशु के अनुसार, उसने किसी तरह पत्नी से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन फोन मुस्तकीम ने उठाया और उससे कहा — अपनी बीवी और बच्चों को भूल जा। मैंने तेरी बीवी से निकाह कर लिया है, तेरे बच्चे भी अब मेरे हैं। 'हिमांशु ने गुज़ारिश की कि उसे उसकी पत्नी और बच्चों से मिलवाया जाए, लेकिन मुस्तकीम लगातार बहाने बनाता रहा। बुधवार रात मुस्तकीम ने हिमांशु को फोन कर भंवरकुआ चौराहे पर बुलाया और कहा कि वहां उसकी पत्नी और बच्चे मिल जाएंगे। करीब 11 बजे मुस्तकीम अपने एक साथी के साथ पहुंचा। हिमांशु का आरोप है कि दोनों ने गाली-गलौज करते हुए उसे जबरन गाड़ी में बैठाने की कोशिश की और आजाद नगर चलने के लिए दबाव बनाया। विरोध करने पर मुस्तकीम और उसके साथी ने उस पर हमला कर दिया और चाकू मारकर घायल कर दिया।

## समाधान योजना के तहत बिजली उपभोक्ताओं को 4.12 करोड़ की छूट

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि राज्य शासन की बकाया बिजली बिलों के लिए विशेष रूप से लागू समाधान योजना का प्रभावी क्रियान्वयन कर प्रतिदिन हजारों उपभोक्ताओं को लाभान्वित किया जा रहा है। अब तक 1 लाख 30 हजार से ज्यादा उपभोक्ताओ को 4 करोड़ 12 लाख रूपए की छूट दी जा चुकी है। इन उपभोक्ताओं से कंपनी को 40 करोड़ 13 लाख रूपए से ज्यादा की राशि प्राप्त हुई हैं। श्री सिंह ने बताया कि समाधान योजना से इंदौर जिले में करीब 21 हजार, धार में 14 हजार, उज्जैन जिले में 12800 रतलाम में 11876, बड़वानी जिले में 10480 उपभोक्ताओं को योजना लाभ दिया गया है। अन्य जिलों में भी 4500 से 9000 उपभोक्ताओं को समाधान योजना में रियायत दी गई है। योजना के तहत तीन माह से ज्यादा के बकायादार उपभोक्ताओं को 50 से 100 प्रतिशत अधिभार छूट की पात्रता हैं, सबसे ज्यादा रियायत एकमुश्त बिजली बिल मूल राशि जमा करने पर शत प्रतिशत अधिभार माफ किया जा रहा है। मप्रपक्षेविविकं इंदौर के प्रबंध निदेशक सिंह ने बकायादार बिजली उपभोक्ताओं से योजना का लाभ लेने की अपील की है।

# सम्पादकीय

## सार्वजनिक बसों में लगातार बढ़ रहे हादसे, आपातकालीन दरवाजे या खिड़कियों का नहीं होना यात्रियों की मौत की बन रही वजह

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, यानी एनएचआरसी की एक पीठ ने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को नोटिस जारी किया है तथा राज्यों के मुख्य सचिवों को सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाली बसों को हटाने का निर्देश दिया। पिछले कुछ समय के दौरान सार्वजनिक बसों के हादसे के कई मामले सामने आए, जिनमें आग लगने से यात्री जिंदा जल गए। ऐसी घटनाओं को हादसा मान कर ही देखा गया और सरकार ने इनकी जांच कराने और हताहतों या उनके परिजनों को मुआवजा देने की घोषणा करके औपचारिकता पूरी कर ली। मगर जब एक ही तरह की दुर्घटनाएं लगातार होने लगें, तो इस पर भी विचार करने की जरूरत होती है कि इनकी तह में क्या वजह छिपी हो सकती है। अव्वल तो वाहन सुरक्षित चलाने से लेकर सामान रखने की जगह और बस के भीतर आवाजाही के रास्ते निर्बाध रखने जैसी सावधानी को सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी प्रबंधन की होनी चाहिए। अगर इसमें लापरवाही बरती जाती है, तो उसकी जांच और कार्रवाई की जिम्मेदारी सरकार के संबंधित महकमे तथा अधिकारियों की है। मगर ऐसा लगता है कि हर स्तर पर घोर लापरवाही बरती जाती है और यात्रियों के जीवन की कोई परवाह नहीं की जाती। सवाल है कि ऐसी स्थिति कैसे आती है कि किसी बस में आग लग जाने पर यात्रियों को निकलने तक का मौका नहीं मिलता और वे अपनी या किसी अन्य की जान बचाने के लिए कुछ नहीं कर पाते। इसी मसले पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, यानी एनएचआरसी की एक पीठ ने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को नोटिस जारी किया है तथा राज्यों के मुख्य सचिवों को सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाली बसों को हटाने का निर्देश दिया। दरअसल, यह शिकायत दर्ज कराई गई थी कि सार्वजनिक बसों के डिजाइन में गंभीर खामी यात्रियों की जान को खतरे में डाल रही है। ऐसी खबरें भी आईं कि हादसे या आग लगने के बाद बस का स्वचालित दरवाजा जाम हो गया और इसकी वजह से लोग भीतर ही फंस गए। इसके अलावा, बस में जरूरत से ज्यादा भार, आपातकालीन दरवाजे या खिड़कियों का नहीं होना या फिर बेकाम होना जैसी अनेक लापरवाहियां यात्रियों की मौत की वजह बनती हैं।

# भारत को डराकर चीन के हथियारों की आपूर्ति

जब दुनिया को दो देशों के बीच संघर्ष के परिणाम भुगतने पड़ते हैं, तो उससे अपेक्षा की जाती है कि वह मध्यस्थता और इसे हल करेगी, जिसमें पड़ोसी नेतृत्व करेंगे। लेकिन चीन बिल्कुल इसके खिलाफ है। चीन ने भारत और पाकिस्तान के बीच तीव्र संघर्ष को एक सुनहरे अवसर के रूप में देखा। हाल ही में आई एक अमेरिकी रिपोर्ट के अनुसार, चीन ने पाकिस्तान के सहयोग से संघर्ष को अपने हथियारों के युद्ध के मैदान के परीक्षण में बदल दिया, जिसने बाद में मुस्लिम देशों को हथियार बेचने के लिए परीक्षण के परिणामों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ने न केवल जमीन पर अपने हथियारों का परीक्षण किया। दूसरी ओर, उन्होंने पश्चिमी देशों के खिलाफ हथियारों के बाजार को मजबूत करने के लिए दुनिया भर में आक्रामक रूप से प्रचार किया। मई 2025 के संघर्ष के दौरान, चीन के कई उन्नत हथियारों का उपयोग पहली बार वास्तविक युद्ध में किया गया था, जिसमें HQ-9 वायु रक्षा प्रणाली, PL-15 हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल और J-10C फाइटर जेट शामिल थे। लेकिन चीन ने अपने हथियारों की प्रभावशीलता का आक्रामक प्रचार करके वैश्विक हथियार बाजार को मजबूत करने के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल किया ताकि दुनिया में इसकी चर्चा न हो सके।

पाकिस्तान-भारत संघर्ष के दौरान यह पहली बार था जब चीन ने सक्रिय युद्ध में आधुनिक हथियारों का इस्तेमाल किया और चीन ने पूरे संघर्ष को एक तरह के 'फील्ड एक्सपेरिमेंट' के रूप में इस्तेमाल किया। रिपोर्ट के अनुसार, चीन ने पश्चिमी हथियारों के खिलाफ अपने उत्पादों को बेचने के लिए पाकिस्तान की सैन्य सफलता का फायदा उठाया। पाकिस्तान के उप प्रधान मंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने संसद में दावा किया कि, पाकिस्तानी जे-10सी विमान ने राफेल समेत भारतीय वायुसेना के कई विमानों को मार गिराया था।

रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान के दावे अतिरंजित हैं; लेकिन चीनी दूतावासों ने दुनिया भर में हथियारों की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए ये दावे किए। चीन ने सोशल मीडिया पर नकली खातों के माध्यम से भारतीय विमानों के अवशेषों के रूप में एआई-जनित छवियों और वीडियो-गेम ग्राफिक्स को प्रसारित किया, जिनका उपयोग फ्रांसीसी राफेल की छवि को धूमिल करने और अपने स्वयं के J-35 लड़ाकू विमानों को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। फ्रांसीसी खुफिया का हवाला देते हुए, रिपोर्ट में दावा किया गया है, कि चीन के प्रोपेगेंडा अभियान के बाद इंडोनेशिया ने राफेल खरीद प्रक्रिया को रोक दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान चीनी हथियारों पर बहुत अधिक निर्भर है। जून में चीन ने पाकिस्तान को 40 जे-35 लड़ाकू विमान, केजे-500 और बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली बेचने की पेशकश की थी। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में पाकिस्तान के हथियारों के आयात का 81 प्रतिशत चीन से आया है।



मध्य पूर्व में चीन का बढ़ता हथियार निर्यात व्यापक ऊर्जा सुरक्षा के लिए चीन के प्रयासों में निहित है, और यह प्रवृत्ति एक उभरती हुई बहुध्रुवीय वैश्विक संरचना को दर्शाती है। वैश्विक हथियार बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में चीन का उदय पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की क्षमताओं में वृद्धि से प्रेरित था। परिणामस्वरूप, उन्होंने अपने रक्षा उद्योग में सुधार किया है और अपने रक्षा उपकरणों को बेहतर बनाने के लिए सैन्य खर्च में लगातार वृद्धि की है। हथियार बाजार में चीन की भूमिका यह भूमिका बदलते सुरक्षा वातावरण के बारे में जागरूकता भी प्रदान करती है। 2012 और 2016 के बीच वैश्विक हथियारों के निर्यात में चीन की हिस्सेदारी 3.8 प्रतिशत से बढ़कर 6.2 प्रतिशत हो गई। हालांकि 2016-2020 के बीच यह गिरकर 5.2 प्रतिशत हो गया है, चीन दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा हथियार निर्यातक बना हुआ है। हालांकि अमेरिका और रूस की तुलना में इसकी हिस्सेदारी मामूली है, लेकिन यह नई तकनीक के साथ नए बाजारों में प्रवेश करने के लिए तैयार है। सेंटर फॉर नेवल एनालिसिस के एक विश्लेषण के अनुसार, चीन सबसे बड़े हथियार निर्यातकों में से एक के रूप में उभरा है। 2020 की अमेरिकी रक्षा विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, टन भार के मामले में चीन दुनिया का शीर्ष जहाज उत्पादक है। एक अन्य क्षेत्र जहां चीन सबसे आगे है वह सशस्त्र ड्रोन है। (मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी), जिसे यूएवी के रूप में भी जाना जाता है)। 2018 तक, चीन ने दुनिया भर के 10 से अधिक देशों को भारी और सशस्त्र यूएवी का निर्यात किया था। चीन ने पाकिस्तानी वायु सेना के साथ संयुक्त रूप से चीनी विंग लूंग 2 ड्रोन का निर्माण करने पर सहमति व्यक्त की है।

2013 की SIPRI रिपोर्ट के अनुसार, चीन छोटे हथियारों और हल्के हथियारों का एक प्रमुख निर्यातक भी है। चीन हथियार खरीदने वाले देशों को लचीली भुगतान संरचनाएं भी प्रदान करता है, जो विकासशील देशों के लिए आकर्षक है, और उन देशों के लिए भी एक अच्छा विकल्प है जो सैन्य उपकरणों के अपने स्रोतों में विविधता लाना चाहते हैं। संबंधित देशों के शासकों को रियायतें और रिश्वत खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है। चीन मुख्य रूप से हथियारों के निर्यात के व्यावसायिक लाभों में रुचि रखता है, राजनीतिक नहीं; इसके अलावा, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि इस लेनदेन के आर्थिक लाभ बहुत अधिक हैं, और हथियार निर्यातक होने का प्रभाव, विशेष रूप से कमजोर देशों पर, समान रूप से शक्तिशाली है। चीन की व्यापक मध्य पूर्व रणनीति ऐसे उद्देश्यों का समर्थन करती है। 2016 में, इसने एक अरब नीति पत्र जारी किया और मध्य पूर्व को अपनी बेल्ट एंड रोड पहल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बना दिया। सहयोग खतरे में है। यह ऐसे समय में हो रहा है जब अमेरिका मध्य पूर्व पर अपना ध्यान कम कर रहा है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर फिर से ध्यान केंद्रित कर रहा है।

मध्य पूर्व में, चीनी ड्रोन विशेष रूप से लोकप्रिय हैं। मिस्र, इराक, जॉर्डन, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात सभी को विंग लून और ष्ट॥-4 ड्रोन से लैस चीनी यूएवी प्राप्त हुए हैं। इस प्रकार चीन मध्य पूर्व में यूएवी हथियारों की दौड़ को बढ़ावा दे रहा है। संयुक्त राज्य अमेरिका ने मध्य पूर्व में अरब देशों को सशस्त्र ड्रोन बेचने के लिए एक प्रतिबंधात्मक निर्यात नीति लागू की है। चीन ने इस मौके का फायदा उठाकर इस क्षेत्र में अपनी मौजूदगी बढ़ाई है। संयुक्त राज्य अमेरिका ने जॉर्डन को प्रीडेटर एक्सपी ड्रोन देने से इनकार कर दिया। इसके बाद देश ने C ॥-4B ड्रोन खरीदने के लिए चीन का रुख किया। इराक ने भी ऐसा ही रुख अपनाया। संयुक्त राज्य अमेरिका का कट्टर सहयोगी सऊदी अरब, चीनी हथियारों के शीर्ष आयातकों में से एक है। सऊदी अरब ने चीनी डीएफ-21 बैलिस्टिक मिसाइल और विंग लूंग ड्रोन खरीदे हैं। वहीं, चीन ने सऊदी अरब में संयुक्त रूप से सीएच ड्रोन बनाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। सऊदी अरब वर्तमान में चीन को तेल का शीर्ष आपूर्तिकर्ता है। ये रिश्ते इसी तथ्य पर आधारित हैं। ईरान चीनी हथियारों के निर्यात का पहला खरीदार था। अब तक चीन ने ईरान को सिल्कवर्म और सी-802 मिसाइलें बेची हैं। दोनों ही एंटी-शिप मिसाइल हैं। इसके अलावा, चीनी डिजाइनों के आधार पर ईरानी बैलिस्टिक मिसाइलें विकसित की गई हैं, जिन्हें चीनी तकनीशियनों द्वारा सहायता प्रदान की गई है।

**अशोक भाटिया,**
वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार

# आंचलिक

## छात्रावास के छात्रों की शिकायत, अधीक्षक शराब पीकर आते हैं, हमारे सामने भी पीते हैं

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● पीजी कॉलेज के अनुसूचित जाति बालक छात्रावास के छात्रों ने अव्यवस्थाओं और अधीक्षक की मनमानी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। छात्रों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर नारेबाजी की और अधीक्षक रवि नोघे को हटाने की मांग की। छात्रों का गंभीर आरोप है कि अधीक्षक शराब पीकर आते हैं और कई बार विद्यार्थियों के सामने भी नशा करते हैं। मामले में संयुक्त कलेक्टर ने आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त को तत्काल जांच के निर्देश दिए हैं। छात्र अश्विन गोखले और संदीप चौहान ने शिकायत में बताया कि अधीक्षक रवि नोघे अक्सर शराब पीकर हॉस्टल आते हैं। वे बाहरी लोगों को प्रवेश देते हैं और जब छात्र कोई समस्या बताते हैं, तो उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। छात्रों ने चेतावनी दी है कि यदि उन्हें नहीं हटाया गया, तो वे आंदोलन करेंगे। शिकायत के अनुसार, हॉस्टल में भोजन की गुणवत्ता बेहद खराब है। खाने में बासी सब्जियों का उपयोग किया जाता है और शासन द्वारा तय मीनू का पालन नहीं होता। विद्यार्थियों को अब तक पंखा, बिस्तर, कंबल, अलमारी, बेडशीट, कुर्सी-टेबल और स्पोर्ट्स सामग्री नहीं मिली है। छात्रों का आरोप है कि उन्हें मिलने वाली 10 प्रतिशत शिष्यवृत्ति (स्कॉलरशिप) भी पिछले दो साल से नहीं मिली है। छात्रों ने बताया कि भवन की मरम्मत गुणवत्ताहीन है। परिसर में झाड़ियां उग आई हैं, जिससे जीव-जंतुओं का डर बना रहता है। गीजर की अर्थिंग वाले क्षेत्र में अंधेरा रहता है और वाल्व के पास हमेशा पानी भरा रहता है। संयुक्त कलेक्टर हेमलता सोलंकी ने छात्रों की शिकायत को गंभीरता से लिया है। उन्होंने आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त इकबाल हुसैन आदिल को छात्रावास का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि जो समस्याएं तत्काल हल हो सकती हैं, उन्हें तुरंत दूर किया जाएगा।



## अनुपूरक बजट में पंधाना क्षेत्र का दबदबा, दीवाल गांव के बायपास सहित 5 सड़कों को मिली स्वीकृति

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● जिले में पंधाना विधानसभा क्षेत्र को द्वितीय अनुपूरक बजट 2025-26 में बड़ी सौगात मिली है। दीवाल गांव में बायपास रोड और 4 अन्य सड़कों की स्वीकृति मिली है। जिनकी लागत 10 करोड़ रुपए के करीब हैं। खंडवा-पंधाना रोड़ के बाद क्षेत्र के लिए यह दूसरी बड़ी उपलब्धि हैं। विधायक छाया मोरे ने बताया कि दीवाल गांव में संकरे मार्ग के कारण होने वाली दुर्घटनाओं और यातायात समस्या को देखते हुए बायपास रोड़ की मांग लंबे समय से थी। अब 4 करोड़ रुपए की लागत से यह बायपास बनेगा, जिससे स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। इन सड़कों के निर्माण से कृषि परिवहन, स्कूल आवागमन और ग्रामीण संपर्क में बड़ा सुधार आएगा।विधायक छाया मोरे की लगातार जनसमस्याओं को लेकर सजगता के कारण पंधाना विधानसभा क्षेत्र में विकास को नई दिशा मिल पा रही है। बजट स्वीकृति के साथ ही अब जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी और जमीन पर कार्य दिखने लगेंगे। ग्रामीण अंचल की ये सड़कें न केवल आवागमन को बेहतर बनाएंगी, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी गति देंगी। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री नरेंद्र मंडलोई ने बताया कि जनप्रतिनिधियों की मांग अनुसार सड़कों को अनुपूरक बजट में शामिल किया गया हैं। शासन को इन सड़कों की अनुमानित लागत का आंकड़ा दिया था, जिस आधार पर स्वीकृति मिली हैं। विभाग स्तर पर स्वीकृत सड़कों की डीपीआर बनवा रहे हैं, इसी दौरान एक्चुअल लागत सामने आएगी। यह रिपोर्ट शासन को भेजेंगे, आगे एक कमेटी निर्णय लेगी, इसके बाद सड़क निर्माण के लिए बजट स्वीकृत होगा।

## विभागीय कार्य में लापरवाही की शिकायतों के बाद कार्रवाई - डीएफओ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ● विभागीय कार्य में लापरवाही की शिकायतों के बाद वन संरक्षक बासु कनौजिया ने शाहपुर रेंजर संजय मालवीय को निलंबित कर दिया है। विभाग ने एक दिन पहले कार्रवाई की। डीएफओ ने कहा पदीय दायित्वों का निर्वहन नहीं करने पर कार्रवाई की गई है। सूत्रों के अनुसार, मामला गड़बड़ी से जुड़ा है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय खरगोन जिला मुख्यालय रहेगा। डीएफओ विद्याभूषण सिंह ने इस कार्रवाई की पुष्टि की है। डीएफओ सिंह ने बताया कि परिक्षेत्र अधिकारी संजय मालवीय ने अपने पद का सही तरीके से निर्वहन नहीं किया, जिसके कारण वन संरक्षक ने यह कार्रवाई की।

## दो ग्रामीण मार्गों को मिली 9.50 करोड़ की स्वीकृति, इच्छापुर से नागोनी तक 8.5 करोड़ में बनेगी सड़क

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ● बुरहानपुर में दो प्रमुख ग्रामीण मार्गों के निर्माण के लिए प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में कुल 9 करोड़ 50 लाख रुपए की स्वीकृति दी है। इन सड़कों के बनने से हजारों ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी और बारिश के दिनों में होने वाली परेशानियों से निजात मिलेगी। बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस ने इस स्वीकृति की जानकारी दी है। विधायक अर्चना चिटनिस ने बताया कि ग्राम इच्छापुर से ग्राम नागोनी तक 5 किलोमीटर लंबे मार्ग के निर्माण के लिए 8 करोड़ 50 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। यह मार्ग क्षेत्रीय आवागमन, कृषि कार्यों, बाजार पहुंच और आपातकालीन सेवाओं को सुगम बनाएगा।

**इन गांवों को लाभ:** इच्छापुर, धामनगांव, बोरसल, मोरझिरा, नांदगांव, देवला, नागोनी और गोलखेड़ा।

**मंगरूल-बोरी मार्ग :** 1 करोड़ की स्वीकृति वहीं, मंगरूल, ठाठर, बलड़ी, उतांबी, बोरी मार्ग के 4.50 किलोमीटर हिस्से के निर्माण के लिए 1 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है।

**इन गांवों को लाभ:** निंबोला, मंगरूल, ठाठर, बलड़ी, उतांबी, बोरी, सराय, धूलकोट, दवाटिया, अंबा, गढ़ताल, बसाली, झिरपांजरिया, परतकुंडियां और बोरीए खामला। ग्रामीणों ने बताया कि ये सड़कें विशेषकर बरसात के दिनों में आवागमन में बड़ी बाधा बनती थीं। कीचड़ और खराब रास्ते के कारण खेती, स्कूली बच्चों की शिक्षा और दैनिक जीवन प्रभावित होता था।

## 100 फीट चौड़ी होगी सड़क, टूटेंगी दुकानें, जाम से मिलेगी राहत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● लोगों को जल्द ही ट्रैफिक जाम की बड़ी समस्या से राहत मिलने वाली है। नगरपालिका प्रशासन ने शहर के सबसे व्यस्त चौराहों में से एक, श्रीकृष्ण टॉकीज तिराहे के चौड़ीकरण का काम शुरू कर दिया है। इस योजना के तहत सड़क को 100 फीट तक चौड़ा करने का लक्ष्य है, जिसकी शुरुआत 21 दुकानों को पीछे शिफ्ट करने से हो रही है। श्रीकृष्ण टॉकीज तिराहा शहर के कई मुख्य मार्गों जैसे एमजी रोड, जवाहर मार्ग, बिस्टान रोड और सनावद रोड को सीधे मुख्य बाजार से जोड़ता है। इस वजह से यहां दिन भर वाहनों का भारी दबाव रहता है और अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। स्थानीय नागरिक और व्यापारी लंबे समय से इस जंक्शन को चौड़ा करने की मांग कर रहे थे, ताकि यातायात सुगम हो सके।

**21 दुकानें होंगी शिफ्ट-** चौड़ीकरण योजना के पहले चरण में, नगरपालिका प्रशासन ने डीएफओ कार्यालय की दीवार से सटे नाले के बाहर बनी 21 दुकानों को हटाने की प्रक्रिया शुरू की है। इन दुकानों को करीब पांच से सात फीट पीछे शिफ्ट किया जाएगा, जिससे सड़क के लिए अतिरिक्त जगह मिल सके। रविवार को नगरपालिका के इंजीनियरों और जनप्रतिनिधियों की एक टीम ने मौके पर पहुंचकर नाप-जोख की और आगे की रूपरेखा तैयार की।

**दुकानदारों ने जताई सहमति-** इस कार्रवाई की सबसे खास बात यह है कि नगरपालिका द्वारा औपचारिक नोटिस जारी करने से पहले ही प्रभावित दुकानदारों ने इस पर अपनी सहमति दे दी थी। दुकानदारों ने भी ट्रैफिक की समस्या को समझते हुए प्रशासन के इस कदम का समर्थन किया है।

## पुलिस ने 65 गुमशुदा बच्चे ढूंढे, ऑपरेशन मुस्कान के तहत 63 बालिकाएं बरामद

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● पुलिस ने नवंबर महीने में 'ऑपरेशन मुस्कान' अभियान चलाकर 65 गुमशुदा और अपहृत बच्चों को सुरक्षित ढूंढ निकाला। इनमें 63 लड़कियां और 2 लड़के शामिल हैं। बच्चों को उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के अलग-अलग जिलों से खोजकर लाया गया और उनके परिवारों को सौंप दिया गया। यह अभियान पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है। खरगोन में पुलिस अधीक्षक रवींद्र वर्मा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। जिले के 19 थाना क्षेत्रों से बच्चों को बरामद किया गया। अन्य थानों में: खरगोन 3, मेनगांव 4, बरुड 1, भीकनगांव 5, चैनपुर 4, बिस्टान 4, भगवानपुरा 3, गोगावा 4, बड़वाह 1, सनावद 5, बेड़िया 2, बलवाड़ा 4, महेश्वर 3, कसरावद 3 और बलाकवाड़ा 6 बच्चे मिले। बच्चों को खोजने में साइबर सेल की बड़ी भूमिका रही। टीम ने तकनीक की मदद से सुराग जुटाए, जिससे पुलिस को बच्चों तक पहुंचने में आसानी हुई।

## नेपा मिल ने भोपाल गैस त्रासदी से ली सीख, कारखाने में हर कर्मचारी की सुरक्षित वापसी की जिम्मेदारी तय होती- आर. अलागेशन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ● नेपा मिल में औद्योगिक सुरक्षा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक और कारखाना प्रबंधक आर. अलागेशन ने कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने सुरक्षा को जीवन का अनिवार्य अनुशासन बताया। अलागेशन ने कहा कि कारखाने की दीवारें सिर्फ ईंट और कंक्रीट से नहीं बनी होतीं, बल्कि उनमें हर कर्मचारी की सुरक्षित वापसी की जिम्मेदारी निहित होती है। उन्होंने कर्मचारियों को स्वास्थ्य, सुरक्षा, पर्यावरण, समुदाय और गुणवत्ता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने जोर दिया कि सुरक्षा संस्कृति तभी मजबूत होती है जब वह सिर्फ औपचारिकता न होकर आदत बन जाए।

उप महाप्रबंधक (कार्य) सुरेंद्र मेहता ने भोपाल गैस त्रासदी को विश्व की सबसे भयावह मानवीय आपदा बताया। उन्होंने कहा कि औद्योगिक लापरवाही की एक छोटी सी चिंगारी भी पीढ़ियों का भविष्य छीन सकती है। नेपा लिमिटेड इस त्रासदी से मिली सीख को अपनी हर औद्योगिक प्रक्रिया में याद रखता है। औद्योगिक संरक्षा विभाग के वरिष्ठ परामर्शदाता किशन पटेल ने भी भोपाल गैस त्रासदी का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इस घटना ने दुनिया को सिखाया कि उद्योगों में एक छोटी सी चूक भी हजारों जीवनों की दिशा बदल सकती है। पटेल ने इसे केवल इतिहास का पन्ना नहीं, बल्कि हर उद्योग के लिए चेतावनी का शंखनाद बताया। उन्होंने सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि उद्योगों में सुरक्षा की उपेक्षा का परिणाम सिर्फ दुर्घटना नहीं होता, बल्कि वह आने वाली कई पीढ़ियों तक दर्द छोड़ जाता है। भोपाल गैस कांड ने हमें सिखाया कि सुरक्षा में किया गया हर निवेश भविष्य की सुरक्षा का बीज है। इससे पहले सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा (विशिष्ट सेवा मेडल) के मार्गदर्शन में, कार्यक्रम की शुरुआत मिल परिसर स्थित अनाम श्रमिक स्थल पर माल्यार्पण से हुई।



# हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचंद की पुण्यतिथि मनाई

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • हॉकी इंदौर एसोसिएशन व ताहिर हॉकी ट्रेनिंग सेन्टर द्वार चिमनबाग हॉकी मैदान पर आज हॉकी महान जादूगर व पूर्व ओलंपियन मेजर ध्यानचंद दादा की 46 वी पुण्यतिथि हॉकी इंदौर एसोसिएशन के सचिव किशोर शुक्ला के अध्यक्षता में मनाई गई सर्वप्रथम खिलाड़ियों द्वारा दादा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई इस अवसर पर ताहिर हॉकी ट्रेनिंग सेन्टर व पुलिस बॉयज हॉकी क्लब के बीच खेला गया ।जिसमे दोनो टीम बराबरी पर रही। शुक्ला ने खिलाड़ियों को ध्यानचंद दादा की खेल



जीवन के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर गुलाम साबिर, अभिषेक यादव, अयुब खान, दीपक यादव, अरहम अंसारी अतुल खुणे, नितिश गौड, अजय गहलोत, विजय गहलोत, अनमोल शुक्ला,आदि खिलाड़ीगड उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन एसोसिएशन के सहसचिव मो याकुब अंसारी ने किया व अंत मे सेन्टर के जयेश व्यास ने आभार व्यक्त किया।

# ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच दिन-रात का दूसरा एशेज टेस्ट आज से

**गाबा (एजेंसी)** • ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच गुरुवार से यहां के गाबा मैदान में गुलाबी गेंद से शुरु होने वाले एशेज के दिन-रात के दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में दोनो ही टीमें जीत के इरादे से उतरेंगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले टेस्ट में जीत के साथ ही सीरीज में 1-0 से आगे है। ऐसे में इंग्लैंड का लक्ष्य जीत दर्ज कर सीरीज बराबरी पर लाना रहेगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम इस मैच में सलामी बल्लेबाज अनुभवी ओपनर



उस्मान ख्वाजा के फिट नहीं होने के कारण उनकी जगह पर विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश इंग्लिस को शामिल कर सकती है। इंग्लिस अच्छे बल्लेबाज हैं औरा टीम के मध्य क्रम को मजबूती देंगे। वहीं ट्रैविस हेड और नये बल्लेबाज जेक वेदराल्ड पारी शुरु करेंगे। इस मैच में भी टीम की कप्तानी स्टीव स्मिथ के पास ही रहेगी। स्मिथ ने माना है कि ख्वाजा का नहीं होना टीम के लिए बड़ा झटका है पर उनका मानना है कि ख्वाजा जल्द वापसी के लिए मेहनत कर रहे हैं। स्मिथ ने यह भी जोड़ा कि गाबा टेस्ट के बाद ख्वाजा के भविष्य को लेकर चयनकर्ता फैसला लेंगे। हालांकि स्मिथ ने विश्वास जताया कि ख्वाजा अभी भी टीम के लिए अहम भूमिका निभा सकते हैं। इस मैच मेंऑस्ट्रेलियाई टीम नई रणनीति और नए खिलाड़ियों के साथ मैदान में उतरेगी। इंग्लैंड की राह भी आसान नहीं है। तेज गेंदबाज मार्क वुड घुटने की चोट के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह ऑलराउंडर विल जैक्स को शामिल किया गया है, जिससे इंग्लैंड पिंक बॉल की परिस्थितियों में गेंदबाजी में विविधता लाने की कोशिश करेगा। इंग्लैंड का लक्ष्य सीरीज को बराबरी पर लाना होगा, जबकि ऑस्ट्रेलिया अपनी बढ़त को बनाये चाहेगी। गाबा की उछालभरी पिच पर इस मैच में एक रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है।

## बेहतर ऑलराउंडर बनकर उभरे हैं यानसन

**रांची (एजेंसी)** • ऑलराउंड मार्को यानसन अपने प्रदर्शन से अब दक्षिण अफ्रीका के एक प्रमुख खिलाड़ी बनकर उभरे हैं। कुछ समय पहले वह एक गेंदबाज के तौर पर टीम में आये थे पर अब वह टीम के लिए जरुरत के अनुसार रन भी बना रहे हैं। यानसन अपनी तेज उछाल वाली गेंदों से विरोधी बल्लेबाजों के लिए परेशानी खड़ी कर देते हैं। फुल लेंथ गेंद और बेहतर नियंत्रण से उनकी गेंदों की धार और बढ़ती है। यानसन अब



केवल निचले क्रम के बल्लेबाज नहीं रहे। अब वह बेहतर बल्लेबाजी करके टीम को कठिन हालात से बाहर निकालने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। यानसन ने कहा, 'जब शीर्ष पांच बल्लेबाज अच्छी फॉर्म में हों तब मैदान पर उतरना अच्छा लगता है। मेरी नजर केवल गेंद पर होती है और मैं उसी के अनुसार बल्लेबाजी करता हूं। अभी मेरी यह रणनीति कारगर साबित हो रही है। उन्होंने भारतीय टीम के खिलाफ गुवाहाटी टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया था। उसमें उन्होंनेनौवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 91 गेंदों में 93 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका को संकट से बाहर निकाला था।

# शाहरुख का निर्देशन करना मेरे बस की बात नहीं: राम गोपाल

**मुंबई (एजेंसी)** • निर्देशक राम गोपाल वर्मा ने इंडस्ट्री के सबसे बड़े सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ उन्होंने कभी काम नहीं किया। वर्मा ने पहली बार खुलकर बताया कि दोनों का साथ क्यों नहीं हो पाया। बातचीत में राम गोपाल वर्मा ने कहा कि शाहरुख खान उनकी फिल्मों के टोन और स्टाइल में फिट नहीं बैठते। उन्होंने बताया, 'शाहरुख खान का निर्देशन करना मेरे बस की बात नहीं है। मैं अपनी फिल्म 'कंपनी' में उन्हें कास्ट करना चाहता था, लेकिन उस फिल्म का किरदार मल्लिक बहुत शांत, गंभीर और कुछ आलसी स्वभाव का था। उस किरदार में हाई एनर्जी या चुलबुलापन बिल्कुल नहीं था, जबकि शाहरुख की पर्सनैलिटी ही एनर्जी से भरी रहती है। ऐसे रोल में उन्हें डालना गलत होता।' राम गोपाल वर्मा ने आगे कहा कि शाहरुख खान एक पावरहाउस परफॉर्मर हैं और उनके फैन भी उन्हें उसी रूप में पसंद करते हैं। उन्होंने कहा, 'शाहरुख लाइव वायर की तरह हैं। कैमरा चालू होते ही वो पूरी फ्रेम को कब्जे में ले लेते हैं। जब वो स्क्रीन पर होते हैं, तो निर्देशक के पास करने के लिए बहुत कम बचता है। वो सीन में इतनी ताकत डालते हैं कि बाकी सब पीछे रह जाता है।' डायरेक्टर के अनुसार, उनकी फिल्मों का मूड बहुत कंपोज्ड, इंटेंस और साइलेंट पावर पर आधारित होता है, जबकि शाहरुख की एक्टिंग स्टाइल ज्यादा एक्सप्रेसिव और एनर्जेटिक है।





## अभी मैं सिंगल हूं, कॅरियर पर फोकस कर रही हूं: नोरा फतेही

**मुंबई (एजेंसी)** •अपने रिश्तों को लेकर उड रही अफवाहों पर एक्ट्रेस नोरा फतेही ने साफ कहा है कि वह पूरी तरह सिंगल हैं और अपने करियर पर फोकस कर रही हैं। हालांकि, अतीत में उनका नाम कई सितारों के साथ जुड़ चुका है, जिनमें अभिनेता अंगद बेदी भी शामिल हैं। दोनों लंबे समय तक रिलेशनशिप में रहे, लेकिन समय के साथ उनका रिश्ता टूट गया। अंगद बेदी और नोरा फतेही कुछ साल पहले एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। दोनों को कई इवेंट्स, पार्टियों और निजी मौकों पर साथ देखा गया था। उस समय अंगद फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने की कोशिश कर रहे थे, जबकि नोरा भी अपने करियर के बड़े मौके का इंतजार कर रही थीं। उनके रिश्ते की चर्चा खूब हुई, लेकिन दोनों ने इसे सार्वजनिक तौर पर स्वीकार करने से बचते रहे।

## उज्जैन संभाग

### धक्का लगने पर सीनियर वकील से अभद्रता की, थाने पहुंचे तो युवकों ने माफी मांग ली

दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन** • 7 कोठी पर सीनियर वकील अनिल माथुर को धक्का लगने पर जूनियर वकील के दो ग्राहकों ने अभद्रता की, जिसके बाद मामला थाने तक पहुंच गया। दोनों ही पक्ष में कहासुनी होने की सूचना पर मंडल अभिभाषक संघ बीच में आया तथा बार अध्यक्ष के साथ वकीलों का प्रतिनिधि मंडल माधवनगर थाने पहुंचा। यहां दोनों युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने जा रहे थे, इस बीच युवकों ने माफी मांग ली। इसके बाद समझौता होने पर सीनियर वकील ने कार्रवाई नहीं करवाई। बार अध्यक्ष ओम सारवान ने बताया कि युवक भीं वद्यार्थी थे तथा उनके भविष्य को ध्यान में रखते हुए माफी मांगने पर रिपोर्ट नहीं की गई।

# ऑटो पर क्यूआर कोड मिलेगा, स्कैन कर यात्री चालक और ऑटो के बारे में पूरी जानकारी ले सकेंगे

दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन** • रेलवे पुलिस ने यात्रियों की सुविधा के लिए नवाचार किया है। अब यहां आने वाले यात्रियों को ऑटो पर त्क्र कोड देखने को मिलेगा। इस त्क्र कोड से यात्रियों को ऑटो की जानकारी सहित ऑटो चालक की भी पूरी जानकारी मिल सकेंगी। इसकी शरुआत बुधवार को रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 8 के पास जीआरपी थाना परिसर से की गई। कार्यक्रम में डीआईजी नवनीत भसीन, रेलवे डीआईजी पंकज श्रीवास्तव, एसपी पद्म विलोचन शुक्ल सहित अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे शामिल हुए। विश्व दिव्यांग दिवस पर दिव्यांग बच्चों को भी कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था। रेलवे के एसपी पद्म विलोचन शुक्ल ने बताया कि उज्जैन में देश भर से महाकाल मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं और अन्य यात्रियों की सुरक्षा को जीआरपी (रेलवे पुलिस) शहर के 350 ऑटो चालक की कुंडली को एक त्क्र कोड के जरिए



ऑटो पर चस्पा करने जा रही है। जिससे यात्री ऑटो में बैठने से पहले उस ऑटो और चालक की सभी जानकारी त्क्र कोड स्कैन कर ले सकेंगे।

### ये होगा फायदा

एसपी शुक्ल ने बताया कि ये सुविधा शुरू होने के बाद देश भर से आने वाले भक्त ऑटो में सुरक्षित माहौल में यात्रा कर सकेंगे। उज्जैन में रोजाना करीब 1 लाख श्रद्धालु देश भर महाकाल मंदिर में दर्शन के लिए आते है।

इनमें से 30 प्रतिशत बस और रेलवे स्टेशन पर उतरकर ही महाकाल मंदिर पहुंचते है। शासकीय रेलवे पुलिस द्वारा 'हमारी सवारी भरोसे वाली' टैग के साथ वाहन चालकों को सत्यापित वाहन चालक का त्क्र कोड मिलेगा, इस त्क्र कोड में ऑटो चालक का नाम पता मोबाइल नंबर, कोई केस तो दर्ज नहीं साथ ही ऑटो का रजिस्ट्रेशन नंबर का भी पता चल सकेगा।

### दो नवाचार की शुरुआत

सभी अतिथियों ने एक दर्जन से अधिक ऑटो पर त्क्र कोड चस्पा कर इसकी शुरुआत की, एसपी शुक्ल ने बताया कि पिछले माह पटरी की पाठशाला और हमारी सवारी भरोसे वाले दो नवाचार प्रारंभ किया था। पटरी के पास रहने वाले बच्चे बढ़े युवक युवती को स्कूल से जोड़ने गुड़ और बेड टच के साथ समाज में रहने के तौर तरीके से अवगत कराया है। ऑटो चालक को एक त्क्र कोड दिया है। जो भी आएगा स्कैन करके ऑटो और चालक की जानकारी ले सकेगा।

# सिंहस्थ को लेकर शेव-वैष्णव अखाड़ों में खींचतान रामादल बोले- प्रशासन से मिलेंगे

दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन** • 2028 में होने वाले सिंहस्थ कुंभ को लेकर शेव और वैष्णव अखाड़ों के बीच खींचतान लगातार बढ़ती जा रही है। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पूरी ने चेतावनी दी है कि रामेश्वर दास महाराज के बयानों से संत समुदाय आक्रोशित है और स्थिति विवाद या मारपीट तक पहुंच सकती है। दूसरी ओर, रामादल के नए अध्यक्ष रामेश्वर दास महाराज का कहना है कि वे सिंहस्थ से जुड़े कार्यों और संतों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन से मिलना जारी रखेंगे। विवाद की शुरुआत रविवार को हुई जब स्थानीय अखाड़ा परिषद के तीन पदाधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया। इसके बाद साधु-संत दो खेमों में बंट गए। शेव संप्रदाय के पदाधिकारी अलग हो गए, जबकि वैष्णव संप्रदाय ने सोमवार को 'रामादल अखाड़ा परिषद' का गठन कर अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी। वैष्णव संतों ने साफ कहा कि वे अब सिंहस्थ की तैयारियों पर शेव अखाड़ों के साथ संयुक्त रूप से चर्चा नहीं करेंगे।



**अखाड़ा परिषद अध्यक्ष ने दी चेतावनी**-मंगलवार को अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पूरी ने मीडिया से कहा कि रामेश्वर दास महाराज के बयानों से सन्यासी समुदाय में भारी असंतोष है। उन्होंने कहा- 'संन्यासी एकजुट हैं, स्थिति विवाद या मारपीट तक पहुंच सकती है।' पूरी ने चेतावनी दी कि कुंभ की व्यवस्था अखाड़ा परिषद की जिम्मेदारी है, इसलिए रामादल सिंहस्थ कार्यों के लिए प्रशासन के पास न जाए। परिषद ने यह भी कहा कि रामादल केवल निजी कार्यों के लिए ही प्रशासन से संपर्क कर सकता है। बुधवार को रामादल के नए अध्यक्ष रामेश्वर दास महाराज मीडिया के सामने आए और अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि रामादल का उद्देश्य किसी विवाद को बढ़ाना नहीं है, बल्कि संतों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन से समन्वय करना है। उन्होंने यह भी कहा कि पुराने पदाधिकारियों के इस्तीफे के बाद समिति का पुनर्गठन करना पड़ा।

# किसानों की नाराजगी से सीएम का ड्रीम प्रोजेक्ट रुका, सिलारखेड़ीं-सेवरखेड़ी डेम परियोजना का काम ठप

दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन** • सिंहस्थ कुंभ और सालभर शिप्रा नदी को प्रवाहमान बनाने के लिए बनाई जा रही सिलारखेड़ी-सेवरखेड़ी डेम परियोजना का काम पिछले 10 दिन से अधिक समय से बंद है। किसानों के आक्रोश और प्रदर्शन के बाद ग्रामीणों ने मिलकर यहां काम कर रहे 200 से अधिक अधिकारी, कर्मचारी और मजदूरों को लौटने पर मजबूर कर दिया। किसान डेम के बदले अधिग्रहित की जा रही जमीन के मुआवजे को लेकर विरोध कर रहे हैं। किसानों का आरोप है कि प्रशासन जमीन का मुआवजा सिर्फ 3 से 6 लाख रुपए प्रति बीघा तय कर रहा है, जबकि जमीन का बाजार मूल्य 50 लाख से 1 करोड़ रुपए प्रति बीघा है।

### सीएम के ड्रीम प्रोजेक्ट पर लगा ब्रेक

शिप्रा नदी को प्रवाहमान रखने के लिए शहर से 17 किमी दूर कल्याणपुरा गांव में सीएम मोहन यादव के ड्रीम प्रोजेक्ट सिलारखेड़ी-सेवरखेड़ी परियोजना का काम मार्च में शुरू हुआ था। डेम निर्माण का लगभग 25% कार्य पूरा हो चुका है।

इस परियोजना में सिलारखेड़ी से सेवरखेड़ी तक पाइपलाइन बिछाई जानी है, जिसके लिए 13 गांवों के करीब 300 किसानों की लगभग 400 बीघा जमीन का अधिग्रहण होना है। कल्याणपुरा में डेम का निर्माण शुरू भी हो चुका था, लेकिन मुआवजा राशि कम होने से नाराज किसानों ने 21 नवंबर से काम बंद करवा दिया। किसानों की मांग है कि मुआवजा बढ़ाकर 25 लाख रुपए प्रति बीघा किया जाए।

### किसानों ने सीएम से भी की मुलाकात

किसान नेता दिलीप सिंह सिसोदिया ने बताया कि अगस्त में वे उज्जैन कलेक्टर, कमिश्नर, विधायक, एडीएम और एसडीएम सभी से बात कर चुके हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। 29 नवंबर को किसान मुख्यमंत्री से मिले, जिसके बाद सीएम ने प्रशासन को उचित मुआवजा देने के निर्देश दिए थे। फिर भी प्रशासन 17.50 लाख रुपए प्रति बीघा तक ही देने को तैयार है, जबकि किसान 25 लाख रुपए की मांग पर अड़े हैं। डेम के निर्माण का कार्य किसानों के विरोध के चलते पूरी तरह ठप पड़ा है। समाधान न निकलने पर परियोजना की समय सीमा पर भी संकट खड़ा हो गया है।

न्यूज ब्रीफ

## पालदा क्षेत्र में 2500 किलो मसाला किया जब्त

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • पालदा क्षेत्र में जिला प्रशासन ने कार्रवाई की। खाद्य विभाग की टीम ने यहां से 2500 किलो मसाला जब्त किया साथ ही यहां पर पैकिंग और बेचने को तत्काल प्रभाव से बंद कराया गया। दरअसल, जिला प्रशासन की खाद्य विभाग की टीम जयदेव इंटरप्राइजेज, पालदा में अचानक दौरा करने पहुंची। परिसर में प्रतिष्ठान प्रभारी शशिकांत गुप्ता और फर्म की प्रोपराइटर उनकी पत्नी अर्चना गुप्ता मिली। यहां पर खाद्य कारोबार के वर्तमान पते का वैध खाद्य लाइसेंस लिए बिना ही री-पैकिंग का काम किया जा रहा था। परिसर में पैक किए जा रहे धनिया और मिर्ची पाउडर के पैकेट के लेबल पर निर्माण के 2 एड्रेस लिखे मिले। परिसर में हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर और मिर्ची पाउडर के कुल 6 सैंपल लिए और बाकी 2500 किलोग्राम मसाला जब्त किया गया। यहां पर टीम ने वैध लाइसेंस नहीं होने के कारण मसालों की पैकिंग और बेचने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाते हुए उसे बंद कराया गया।

## जटिल स्थिति होने पर सफल ऑपरेशन किया

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • खंडवा जिला चिकित्सालय में 17 नवम्बर को एक सास अपनी गर्भवती बहू श्रद्धा को विपरीत परिस्थिति में एम्बुलेंस से रात में लेकर पहुँची थी। इसी समय स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.लक्ष्मी डुडवे अस्पताल से अपने घर के लिए निकल रही थी। तभी गेट पर एम्बुलेंस में श्रद्धा को आपात स्थिति में देखा। इस दौरान डॉ. डुडवे ने मदद महसूस करते हुए गर्भवती श्रद्धा को एम्बुलेंस से उतारा। सनावद से रेफर होकर आयी श्रद्धा की इस समय ऐसी स्थिति थी कि न तो वो खड़े रह पा रही थी और न ही बैठ पा रही थी। दर्द के कारण कराह रही थी। डॉक्टर ने तुरंत जांच प्रारम्भ की तो पता चला कि श्रद्धा का न तो हीमोग्लोबिन का स्तर और न ही ब्लड की स्थिति ऐसी थी कि तुरंत डिलेवरी कराई जा सकें। क्योंकि अत्यधिक ब्लीडिंग के कारण उनका हीमोग्लोबिन 10.30 ग्राम के बजाय 7 ग्राम रह गया।

# इंदौर बन रहा मध्यभारत का अगला रियल एस्टेट पॉवर हाउस, लगातार हो रही ग्रोथ

## जेएलएल रिपोर्ट के अनुसार 2027 तक होगा परिवर्तनकारी विकास

### स्ट्रेटेजिक इंफास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट, बढ़ती मेट्रो कनेक्टिविटी आधार

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • शहर तेजी से भारत के सबसे आकर्षक उभरते रियल एस्टेट बाजारों में से एक के रूप में उभर रहा है। आने वाले वर्षों में शहर एक बड़े परिवर्तन के दौर से गुजरेगा, जो सेंट्रल इंडिया के कमर्शियल और इंडस्ट्रियल गेटवे के तौर पर इसकी जगह को और पक्का करेगा। अपनी स्ट्रेटेजिक लोकेशन के फायदों, वर्ल्ड-क्लास एजुकेशनल इंफास्ट्रक्कर और कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट्स की एक बड़ी परियोजनाओं की महत्वाकांक्षी श्रृंखला के साथ इंदौर सभी रियल एस्टेट एसेट क्लास में लगातार ग्रोथ की एक दिलचस्प कहानी पेश करता है। यह निष्कर्ष जेएलएल की रिपोर्ट 'बियॉन्ड द मेट्रोज़-इनसाइट्स इनटू इंडियाज़ इमर्जिंग रियल एस्टेट स्टार्स' में सामने आया है।



शहर की आर्थिक बुनियाद एक बहुत ही अलग-अलग तरह के इंडस्ट्रियल बेस पर टिकी है, जो इसे सिंगल-सेक्टर पर निर्भर मार्केट से अलग बनाती है। पास के पीथमपुर में मौजूद मज़बूत ऑटोमोबाइल सेक्टर में लगातार बड़े मैन्युफैक्लरिंग इन्वेस्टमेंट आ रहे हैं, जबकि टेक्सटाइल और मेटल इंडस्ट्री क्षेत्रीय रोजगार बढाने और आर्थिक स्थिरता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस इंडस्ट्रियल डाइवर्सिटी ने इन्वेस्टमेंट, टैलेंट अट्रैक्शन और रियल एस्टेट की मांग का एक खुद को मज़बूत करने वाला साइकिल बनाया है, जो इंदौर को भारत के टियर-2 शहरों में खास बनाता है। जेएलएल की सुरेखा बिहानी ने बताया कि इंदौर स्ट्रेटेजिक लोकेशन, मज़बूत इंफास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और इकोनॉमिक डाइवर्सिफिकेशन का एकदम सही मेल है, जो भारत की अगली पीढ़ी के कमर्शियल रियल एस्टेट डेस्टिनेशन को बताता है। 2027 तक ऑफिस स्पेस स्टॉक 38 प्रतिशत बढ़कर 24.9 मिलियन वर्गफुट तक पहुंचने की उम्मीद है। सुपर

कॉरिडोर एक वर्ल्ड-क्लास बिज़नेस डिस्ट्रिक्ट के तौर पर उभर रहा है, हम सेंट्रल इंडिया के प्रीमियर कमर्शियल गेटवे को बनते हुए देख रहे हैं। 35 से 55 रुपये प्रति वर्गफुट के किराये पर ग्रेड-ए ऑफिस स्पेस की उपलब्धता इंदौर को पारंपरिक महानगरों के मुकाबले एक बेहतरीन विकल्प बनाती है।

**तेजी से नए व्यावसायिक हब के रूप में विकास :** रिटेल स्टॉक 2024 के 5.7 मिलियन वर्गफुट से बढ़कर 2027 तक 5.9 मिलियन वर्गफुट पहुंचने का अनुमान है। एमजी रोड जैसे प्रीमियम रिटेल कॉरिडोर 150-200 रुपये प्रति वर्गफुट के औसत किराये पर हैं, जबकि बायपास क्षेत्र जैसे उभरते लोकेशन 100-120 रुपये प्रति वर्गफुट के आकर्षक विकल्प पेश कर रहे हैं। प्रस्तावित मेट्रो स्टेशनों और नए इंटर स्टेट बस टर्मिनस के आसपास के क्षेत्र तेजी से नए व्यावसायिक हब के रूप में विकसित हो रहे हैं। शायद सबसे जरूरी बात यह है कि इंदौर का लॉजिस्टिक्स और इंडस्ट्रियल सेक्टर शहर के लिए सबसे बड़ा ग्रोथ का मौका है।

### और ये भी रहे आधार

2024 में 18 मिलियन वर्गफुट के मौजूदा ऑफिस स्टॉक के मुकाबले, 2027 तक यह 24.9 मिलियन वर्गफुट तक पहुंचने की संभावना है यानी मात्र तीन वर्षों में 38 प्रतिशत की वृद्धि। सुपर कॉरिडोर का उभरता हुआ सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट अब प्रमुख आईटी/आईटीईएस कंपनियों और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्सके लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। न्यू सेंट्रल बिज़नेस डिस्ट्रिक्ट एरिया, जिसमें विजय नगर, एमआर 10 और निपानिया शामिल हैं, पहले से ही शहर के प्रीमियम रेंटल रेट 50-55 रुपये प्रति स्क्वेयर फुट पर है, जबकि सिर्फ 4-5 प्रतिशत की वैकेंसी रेट के साथ हेल्दी ऑक्यूपेंसी लेवल बनाए हुए है।

# ..तो उन्हें माना जा रहा है शिफ्टेड या एबसेंट

### बीएलओ को मिसिंग लोगों का पता ढूंढने और उनसे मिलने में परेशानी

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआइआर) के तहत इंदौर जिले में कई विधानसभाओं में कई ऐसे लोग हैं, जो नहीं मिल रहे हैं या उनका पता बदल गया है, ऐसे लोगों की संख्या में लगातार इजाफा होता जा रहा है और अब बीएलओ ऐसे लोगों को अनुपस्थित या शिफ्टेडि मान रहे हैं। यह आंकड़ा काफी बड़ा भी हो सकता है। जिले में लगातार एसआइआर का काम जारी है, लेकिन बीएलओ को लोगों के पता ढूंढने और उनसे मिलने में काफी परेशान हो रही है। अब तक कई ऐसे लोग है, जिनके फार्म बीएलओ के पास है, क्योंकि उनके न तो पते मिल रहे हैं और पते मिल भी गए तो वे नहीं मिल रहे लेकिन उनकी जानकारी देना वाला



कोई नहीं है। ऐसे में उनके बारे में जानकारी है। ऐसे कई लोग है जो शहर छोड़ चुके हैं, जुटाने में बीएलओ बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि उनके नहीं मिलने पर उन्हें कोई कारण बताना होगा तभी वे शिफ्टिंग या अनुपस्थिति के कॉलम में उन्हें दर्शा पाएंगे।

फार्म ले गए लेकिन अब तक जमा नहीं किए: कई लोग ऐसे है, जिन्होंने एसआइआर के फार्म तो ले लिए है, लेकिन अब तक जमा कराने बीएलओ के पास नहीं पहुंचे है, जब बीएलओ उनके पास जाते है तो वे भी उपलब्ध नहीं हो रहे है। कई बुजुर्ग लोग फार्म भर ही नहीं पा रहे है, उन्हें फार्म भरने में सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है।

**2003 की जानकारी नहीं होना बड़ी परेशानी:** 2003 की मतदाता सूची में जानकारी नहीं होना बड़ी परेशानी का सबब बनता जा रहा है। कई मिल रहे है, जिसके कारण वे अपना फार्म जमा नहीं करवा पा रहे हैं। लोगों के नाम 2003 की सूची में नहीं काफी गलत जानकारी भर रहे लोग एसआइआर फार्म भरने के लिए कई लोगों को नहीं आ रहा है, कई बीएलओ भी सही जानकारी नहीं दे पा रहे है, जिसके कारण कई फार्मो में गलत जानकारी भरी होने कारण डिजिटाइजेशन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**प्रचार में ठीक से नहीं हो रहा, जिसके कारण लोगों जागरूकता नहीं:** एसआइआर फार्म भरना जरूरी है, इसकी जानकारी देने के लिए प्रचार-प्रसार जैसा होना चाहिए था, वैसा नहीं हो पा रहा है। कई लोगों की शिकायतें है कि हमें नहीं पता कि फार्म कहा मिलेगा और हमें कहा जमा करना है। बीएलओ घर पर आ रहे है तो उन्हें ठीक से जवाब नहीं दिए जा रहे है।

# पतंग दुकानों पर प्रतिबंध के बाद भी मिलती है चाइना डोर

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • चाइना डोर के लिए हर बार प्रशासन और पुलिस विभाग कई बंदिशें लगाता है, लेकिन हर बार यह चोरी छिपे बाजारों में बिक जाती है। इस बार भी चाइना की डोर खुले आम पतंग बाजारों में उपलब्ध थी, जिसके कारण एक युवक की गला कटने से मौत हो गई। इसके बाद प्रशासन और पुलिस विभाग ने सख्ती दिखाई है और लगातार छापे मारी जारी है। चाइना डोर जो बाजारों में बिक रही है, उस पर साफ लिखा रहता है कि नॉट यूज फॉर काइट फ्लाइंग, फिर भी शहर की तमाम पतंग दुकानों पर बिकती है और लोग खरीदते भी है। चाइना डोर कितनी घातक है, इसे जानते हुए भी लोग पतंग उड़ाने के लिए इसे खरीदते हैं।

इस डोर के कारण हर साल कई हादसे हुए हैं। राह चलते लोगों की गर्दन कट गई है तो आसमान में उड़ते पक्षी इनका शिकार हुए हैं। इस साल भी चाइना डोर पर कोई ठोस प्रतिबंध नहीं लगाया जिसका खामियाजा एक युवक को उठाना पड़ा।

**प्रतिबंध के बाद भी बिकती है :** प्रशासन हर साल संक्रांति के पहले चाइना डोर पर प्रतिबंध लगाता है, लेकिन चोरी-छिपे फिर भी



बिकती है। कई दुकानदार और पतंगबाजी के शौकिन पहले ही इस डोर को खरीद लेते हैं। मकर संक्रांति को एक माह से ज्यादा का समय है, लेकिन बाजार में काफी पहले से यह बिकने आ जाती है। गत दिनों एक युवक गुलशन की चाइना डोर से गर्दन कटने से मौत हो गई थी। जिसके बाद पुलिस विभाग और प्रशासन ने शहर में कई जगह छापेमारी कर बड़ी संख्या में चाइना डोर का संधारण करने वालों के यहां से डोर बरामद की थी। कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि जो घटना हुई थी वह काफी दुखद है, लेकिन हम लगातार कार्रवाई कर रहे है डोर बेचने और खरीदने वाले पर कार्रवाई की जाएगी।

# इंदौर, भोपाल में पुलिस कमिश्नरी नहीं कर पाई क्राइम कंट्रोल, विधानसभा सवाल में खुलासा

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • इंदौर और भोपाल में दिसंबर 2022 में लागू हुई पुलिस कमिश्नरी व्यवस्था क्राइम कंट्रोल में फेल साबित हुई है। यह खुलासा खुद मध्य प्रदेश विधानसभा में हुए सवाल से हुआ है। यह सवाल पूर्व गृहमंत्री व कांग्रेस विधायक बाला बच्चन ने किया था। इसमें जवाब सीएम डॉ. मोहन यादव ने लिखित में दिया। बच्चन ने सवाल किया था कि इंदौर और भोपाल में पुलिस कमिश्नरी के पहले क्राइम के क्या रिकॉर्ड थे और कमिश्नरी के बाद क्या आंकड़े हुए। महिला अपराध में क्या स्थिति रही और कितने आरोपी फरार हैं।

इंदौर और भोपाल में पुलिस कमिश्नरी व्यवस्था अपराध नियंत्रण में सफल नहीं रही। विधानसभा में दिए गए जवाब से खुलासा। कमिश्नरी लागू होने के बाद चोरी, वाहन चोरी, लूट और हत्या जैसे अपराधों में बड़ी बढ़ोतरी हुई। इंदौर में महिला अपराध 30% और भोपाल में 26% बढ़े। दोनों शहरों में आंकड़े तेज़ी से बढ़े। अपराध के पुराने और नए आंकड़ों की तुलना में हर श्रेणी में वृद्धि दिखी, अपराध घटने के बजाय बढ़ गया।

सैकड़ों आरोपी अब भी फरार। इंदौर में 474 और भोपाल में 277 आरोपी पुलिस रिकॉर्ड से गायब हैं। इसी तरह इंदौर और भोपाल में महिला संबंधी अपराध में भी बढ़ोतरी हुई है। इंदौर में यह 30 फीसदी तो भोपाल में 26 फीसदी बढ़ गए हैं। महिला अपराध इंदौर में पहले 2952 थे जो पुलिस कमिश्नरी के बाद 7 हजार 569 हो गए। भोपाल में पहले यह 4 हजार 530 थे जो पुलिस कमिश्नरी के बाद चार साल में 1 हजार 794 हो गए। वहीं इंदौर में 474 आरोपी फरार चल रहे हैं और भोपाल में यह संख्या 277 है, जो पुलिस रिकॉर्ड से फरार है। बता दें कि भोपाल पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्र और इंदौर पुलिस कमिशनर संतोष सिंह हैं।

# आईएएस संतोष वर्मा केस के न्यायाधीश ने खुद के लिए मांगी अग्रिम जमानत

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • ब्राह्मण पर विवादित बयान देने वाले आईएएस संतोष वर्मा के पुराने केस की परतें फिर से खुलने लगी हैं। वर्मा पर इंदौर के लसूडिया थाने में महिला अपराध संबंधी केस दर्ज हुआ था। जब यह केस इंदौर जिला कोर्ट में चला तो फिर इसमें नया विवाद खड़ा हुआ था।

सुनवाई करने वाले न्यायाधीश विजेंद्रसिंह रावत ने लसूडिया थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके साथ ही, पुलिस को बताया कि उनकी कोर्ट का फर्जी आदेश बनाया गया है। इसमें संतोष वर्मा को बरी होना बताया गया है। इसके बाद अज्ञात आरोपियों पर नया केस दर्ज हुआ था। अब फरियादी न्यायाधीश रावत खुद इसमें उलझ रहे हैं। रावत हाल ही में करीब 20 दिन पहले निलंबित हुए हैं। उधर इस केस में पुलिस को इंदौर हाईकोर्ट ने आगे जांच करने और कोर्ट से दस्तावेज लेने, पूछताछ करने की मंजूरी दी है।

इसी मंजूरी के बाद अब रावत ने जिला कोर्ट में अग्रिम जमानत का आवेदन लगाया है। जबकि वह खुद केस में फरियादी हैं। पुलिस वर्मा के बरी होने वाले आदेश की सच्चाई पता करने के लिए



जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने इस मामले में न्यायाधीश रावत से कई जानकारियां और मोबाइल मांगा है। वहीं, उन्होंने पुलिस को बताया कि मोबाइल टूट गया है। बताया जा रहा है कि पुलिस इस मामले में कोर्ट के कंप्यूटर से आदेश की कॉपी ले चुकी है। कुछ अन्य दस्तावेज भी ले चुकी है। इसके बाद ही मामला उलझ गया है। यह आदेश वर्मा के लिए बहुत जरूरी था। बिना बरी आदेश के वह IAS नहीं बन सकते थे। इसलिए पदोन्नति DPC के पहले यह आदेश लेना उनकी प्राथमिकता थी। बताया जाता है कि इसी के चलते यह आदेश बना और इसे छ्ष्टक्क के समय दिया गया था। इसके बाद ही उन्हें IAS अवार्ड हो सका है।

प्रशासनिक अधिकारी संतोष वर्मा पर एक युवती ने आरोप लगाए थे। इस केस के चलते उनके पदोन्नत होकर IAS बनने की राह में रोड़ा आ गया था। आरोप है कि इस मामले में बरी होने का फर्जी आदेश पारित कराया था। MG रोड थाने में 27 जून 2021 को यह फर्जी कोर्ट आदेश बनाने का केस दर्ज हुआ था। इसमें अज्ञात आरोपी पर IPC धारा 120B, 420, 467, 468, 471 व 472 में केस हुआ था। अपराध होने का समय 6 अक्टूबर 2020 बताया गया था। थाने में न्यायाधीश विजेंद्रसिंह रावत के जरिए केस दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया था। न्यायाधीश रावत ने आवेदन में कहा कि लसूडिया थाने में संतोष वर्मा पर FIR दर्ज है। FIR नंबर 851/2016 में धारा 323, 294 और 506 के तहत मामला चल रहा है। इसके अलावा, फौजदारी केस नंबर 1621/2019 भी चल रहा है। यह केस अन्य कोर्ट से ट्रांसफर होकर मेरी (न्यायाधीश रावत) कोर्ट में 3 अक्टूबर 2020 को चढ़ाया गया था। सुनवाई के लिए 23 नवंबर 2020 लगाई गई थी। फिर इसमें साक्ष्य के लिए 22 फरवरी 2021 तारीख लगाई गई थी। इसके बाद, अगली तारीख 31 मई 2021 लगी थी। इस मामले में मेरी कोर्ट ने 6 अक्टूबर 2020 को कोई आदेश पारित नहीं किया था। कोर्ट की डायरी व CIS में इस दिन का कोई रिकॉर्ड नहीं है। न ही इस दिन मेरे हस्ताक्षर से कोई निर्णय हुआ है। मेरी पत्नी बीमार है, इसलिए इस दिन 6 अक्टूबर को मैं अवकाश पर था। जिला अभियोजन अधिकारी अकरम शेख ने कोर्ट में आकर बताया कि इस केस में समझौता हो गया है। उन्होंने कहा कि इस आधार पर निर्णय लिया गया है और इसकी स्कैन कॉपी मौजूद है।

# आईआईएम इंदौर की प्लेसमेंट कमेटी के सदस्य पर यौन उत्पीड़न के आरोप

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • देश में मैनेजमेंट के लिए सबसे बड़े संस्थान आईआईएम पर गंभीर आरोप लगे हैं। इंदौर आईआईएम (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट) कठघरे में आ गया है। एबीवीपी ने बुधवार को आईआईएम इंदौर की प्लेसमेंट कमेटी के एक सदस्य पर छात्राओं के यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए हैं। इसके साथ ही, विरोध प्रदर्शन भी किया है। उधर आईआईएम डायरेक्टर प्रोफेसर हिमांशु राय ने द सूत्र को कहा कि इस तरह की कोई शिकायत उनके संज्ञान में नहीं आई है। एबीवीपी ने आईआईएम डायरेक्टर को इस मामले में लिखित रूप से ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में कहा गया कि हमारे संज्ञान में आया है कि आईआईएम इंदौर में हाल ही में एक अत्यंत गंभीर और परेशान करने वाली घटना घटी है।

प्लेसमेंट समिति के सदस्य ने एक ऑफ-कैंपस कार्यक्रम में कुछ छात्राओं का यौन उत्पीड़न किया है। संबंधित छात्राओं ने इस बारे में संस्थान में एक आधिकारिक शिकायत भी दर्ज कराई थी। एक महीने से अधिक समय बीत चुका है। वहीं, अब तक इसको लेकर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

इस ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि आरोपी छात्र अभी भी परिसर में सक्रिय है। संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट पर वह अभी भी प्लेसमेंट कमेटी का एक सक्रिय सदस्य के तौर पर दिख रहा है। इस समय मुहम्मद सुहैद के नेतृत्व वाली प्लेसमेंट कमेटी चुप्पी साधे हुए है। यह कमेटी प्लेसमेंट प्रभारी प्रो. अभिषेक मिश्रा के दिशा-निर्देश में काम कर रही




है। आचरण ऐसा लगता है कि वो आरोपी को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। इसके अलावा, कुछ लोग संस्थान की प्रतिष्ठा बचाने के बहाने इस मामले को दबाने में लगे हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इंदौर के नगर सचिव देवेश गुर्जर ने बताया कि उन्होंने इस मामले में आईआईएम डायरेक्टर के सामने यह मांगें रखी हैं-

आरोपी को प्लेसमेंट समिति, छात्र-संबंधी सभी जिम्मेदारियों और संस्थान से तत्काल निलंबित किया जाए।

आरोपी का बचाव करने वाले सभी सहकर्मियों/समर्थकों की भूमिका की गहन जांच की जाए और उनके खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

सत्ता के दुरुपयोग, धमकी या किसी भी अनुचित प्रभाव को रोकने के लिए वर्तमान प्लेसमेंट समिति को तत्काल प्रभाव से भंग करके उसका पुनर्गठन किया जाए।

संस्थान को निष्पक्ष, समयबद्ध और पारदर्शी जांच सुनिश्चित करनी चाहिए और प्रभावित छात्राओं को सभी आवश्यक मानसिक, कानूनी और प्रशासनिक सहायता प्रदान करनी चाहिए।

**नहीं तो उग्र आंदोलन करेंगे-** एबीवीपी ने चेतावनी दी है कि, ऐसे मामलों में देरी या चुप्पी संस्थान की प्रतिष्ठा को और नुकसान पहुंचाती है। इसलिए यह आवश्यक है कि दोषियों के खिलाफ कठोर और त्वरित कार्रवाई की जाए।

साथ ही, पीड़ितों को न्याय सुनिश्चित किया जाए। ऐसा न करने पर, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एक उग्र आंदोलन शुरू करने के लिए बाध्य होगी। इसके लिए भारतीय प्रबंधन संस्थान, इंदौर पूरी तरह से जिम्मेदार होगा।

### मुझे फंसाया जा रहा है - कमेटी मेंबर

- इस मामले में कमेटी मेंबर से सीधी बात की। ये रही सवालों पर कमेटी मेंबर की प्रतिक्रिया-
- सवाल- आप पर यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप हैं, क्या कहेंगे?
- सदस्य - मेरे पास संस्थान से मेल आया था, मैंने इसका जवाब दे दिया है।
- सवाल-मामला क्या अधिक पुराना है?
- सदस्य - हां, करीब दो माह हो चुके हैं, इस मामले में।
- सवाल-आरोप गंभीर है आप पर
- सदस्य - मुझे फंसाया जा रहा है, ऐसा क्यों हो रहा है मुझे नहीं पता, लेकिन यह गलत आरोप है, मुझे फंसाया जा रहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरुद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।